# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में कभी टेस्ट नहीं हारी भारतीय टीम 9




**388** किलो कुल वजन उठाया • **176** स्नैच में और 212 जर्क में

# लव यू लवप्रीत

## वेट लिफ्टिंग में भारत को एक और पदक

### 3 गोल्ड, 10 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज के साथ कुल 16 पदक जीते

**ग्लासगो (एजेंसी)।** लवप्रीत सिंह ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत को सिल्वर मेडल दिला दिया है। उन्होंने पुरुष वेटलिफ्टिंग की 110 किलो वेट कैटेगरी में 388 किलोग्राम वजन उठाया। लवप्रीत ने स्नैच में 176 और क्लीन एंड जर्क में 212 किलोग्राम वजन उठाया। वे तीसरे प्रयास में 217 किलो उठाने में नाकाम रहे। जबकि, न्यूजीलैंड के डेविड एंड्रयूज ने 389 किलो वजन उठाकर गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता। लवप्रीत के मेडल के बाद भारत मैडल टैली में 9वें नंबर पर है। उसके पास 16 मेडल हैं, इनमें 3 गोल्ड, 10 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज शामिल हैं।

*(संबंधित खबर खेल पेज पर)*

## नीरज चोपड़ा, रोहित व यश जैवलिन थ्रो के फाइनल में



**79.61** मीटर का थ्रो किया नीरज ने

भारत के नीरज चोपड़ा, रोहित यादव और यश वीर सिंह कॉमनवेल्थ गेम्स के जैवलिन थ्रो फाइनल में पहुंच गए हैं। क्वालिफिकेशन राउंड में नीरज ने 79.61 मीटर का बेस्ट थ्रो कर पांचवां स्थान हासिल किया। पाकिस्तान के ओलिंपिक चैंपियन अरशद नदीम 78.63 मीटर के साथ सातवें स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। मेडल इवेंट शुक्रवार देर रात 12:45 बजे से खेला जाएगा। नीरज ने पहले प्रयास में 76.28 मीटर और दूसरे प्रयास में 79.61 मीटर का थ्रो किया। इसके बाद उन्होंने तीसरा प्रयास नहीं किया और पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। भारत के रोहित यादव 78.37 मीटर के साथ नौवें और यश वीर सिंह 78.36 मीटर के साथ दसवें स्थान पर रहे। वहीं, श्रीलंका के रुमेश पाथिराजे 82.84 मीटर के साथ पहले स्थान पर रहे।

दिल्ली सरकार करवाए घायल प्रदर्शनकारियों का इलाज

# पैलेट गन के इस्तेमाल पर रोक नहीं लगा सकते : सुप्रीम कोर्ट

## जंतर-मंतर प्रोटेस्ट में इस्तेमाल हथियारों का रिकॉर्ड रखे केंद्र



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को आदेश दिया कि 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संसद मार्च में बैलेट गन से घायल प्रदर्शनकारियों का इलाज कराया जाए। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहन की बेंच ने पैलेट गन के इस्तेमाल पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस विशेष स्थितियों में इसका इस्तेमाल कर सकती है। जब तक पैलेट गन के इस्तेमाल की परमिशन देने वाले पुलिस नियमों को चुनौती नहीं दी जाती, तब तक इस पर रोक लगाने का आदेश देना मुश्किल है। कोर्ट ने इसके इस्तेमाल से जुड़ी गाइडलाइन पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। वहीं कोर्ट ने केंद्र से कहा कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान तैनात आरएएफ के हथियारों और गोला-बारूद के इस्तेमाल का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाए। पूर्व आईपीएस अधिकारी यशोवर्धन आजाद, प्रशांत कुमार सिंह और शेख इरशाद मंसूरी (दोनों पीड़ित) ने याचिका में पैलेट गन पर बैन लगाने की मांग की थी।

**इस्तेमाल से जुड़ी गाइडलाइन पर केंद्र से मांगा जवाब**

### मार्च के दौरान 100 से ज्यादा प्रदर्शनकारी हुए थे घायल

कॉकरोच जनता पार्टी ने 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकाला था। सुबह 8 से शाम 5 बजे तक प्रदर्शन में कई बार प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई थी। कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़े, संसद की ओर मार्च किया। ये लोग जंतर-मंतर से संसद मार्ग, जनपथ चौराहा, वॉर मेमोरियल, कर्तव्य पथ, विजय चौक से संसद के करीब पहुंच गए थे। इन लोगों ने संसद में घुसने की कोशिश की थी। इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े थे। दावा किया गया कि छात्रों पर पैलेट गन भी चलाई गई। देर शाम को पथराव की तस्वीरें भी सामने आईं।



### प्रदर्शनकारियों पर एक्शन नहीं होगा

दिल्ली सरकार ने कहा कि सीजेपी के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। 29 जुलाई की शाम 6 बजे तक नीट यूजी परीक्षा में अनियमितताओं से जुड़े प्रदर्शन को लेकर 13 एफआईआर दर्ज की गई थीं। सरकार के आदेश के अनुसार, जिन लोगों को गिरफ्तार या हिरासत में लिया गया है, उन्हें जल्द ही रिहा कर दिया जाएगा। हालांकि, सरकार ने कहा कि जिन लोगों का क्रिमिनल रिकॉर्ड है, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

### राहुल का आरोप- पैलेट गन से छात्र की आंख की रोशनी गई

राहुल गांधी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि अमित शाह ने छात्रों पर फायरिंग और पैलेट गन चलाने का आदेश दिया। एक छात्र की आंख की रोशनी चली गई। राहुल ने 24 जुलाई को अपने आवास 10 जनपथ पर संसद मार्च में घायल स्टूडेंट के हाथ, पीठ और छाती में लगे घाव दिखाए। उन्होंने कहा, 'मैं यह बताना चाहता हूं कि यहां खड़ा मेरा भाई उस समय पैलेट गन से घायल हो गया था, जब वह तिरंगा लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहा था।'

### अब तक 4 राज्यों ने केस वापस लिए

अब तक 4 राज्य सरकारें नीट यूजी पेपर लीक विरोध प्रदर्शन में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज मामले और एफआईआर वापस लेने की घोषणा कर चुकी हैं। इनमें असम, बिहार, महाराष्ट्र और दिल्ली शामिल हैं। बिहार पुलिस ने 26 जुलाई की शाम 6 बजे तक दर्ज सभी मामले वापस लेने का ऐलान किया था।

### वंदे मातरम् बिल को संसद की मंजूरी

संसद ने बृहस्पतिवार को उस विधेयक को पारित कर दिया, जिसके प्रावधानों के तहत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन के दौरान किसी भी तरह का व्यवधान या उसका अपमान आपराधिक कृत्य माना जाएगा और इसके लिए तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है। राष्ट्रगान 'जन गण मन' के साथ ही उसी सम्मान के साथ राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के गायन को अनिवार्य बनाने वाले 'राष्ट्र गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026' को लोकसभा ने बृहस्पतिवार को द्रमुक समेत विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के बीच संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। इससे पहले उच्च सदन ने बुधवार को विधेयक को मंजूरी प्रदान की थी।

### शिक्षा संस्थानों में मनुस्मृति को मानने वाले बढ़े : खरगे

राज्यसभा में पेपर लीक से जुड़े परीक्षा संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे के 'मनुस्मृति' बयान पर हंगामा हुआ। वे शैक्षणिक संस्थाओं पर आरएसएस के दखल पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों में मनुस्मृति मानने वाले बढ़ गए हैं, इससे शूद्र को पढ़ने का अधिकार छिन गया है। इस पर सदन में हंगामा शुरू हो गया। जेपी नड्डा ने टोकते हुए कहा कि खड़गे का बयान तथ्यों से परे है। इससे अशांति फैल सकती है। इसके बाद सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मनुस्मृति वाला बयान रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा। यह पूरी बहस पेपर लीक से जुड़े पब्लिक एग्जामिनेशन संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान हुई।

**भाजपा ने आरोप खारिज किए**

राहुल गांधी के आरोपों को भाजपा ने संसद में और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खारिज किया। सरकार ने कहा कि संसद मार्च में गोली नहीं चली। मंत्री फायरिंग का आदेश नहीं दे सकता। यह अधिकार मजिस्ट्रेट का होता है।

## अलग अंदाज : 5.5 करोड़ की 'कार मॉडल' पर कांवड़



**हरिद्वार।** सावन की शुरुआत के साथ ही कांवड़ यात्रा ने जोर पकड़ लिया है। कांवड़ मेले में अब तक की सबसे महंगी 5.5 करोड़ की मैक्लॉरेन स्पोर्ट्स कार थीम वाली कांवड़ आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। कार के ऊपर भगवान महादेव विराजमान हैं। अपने अलग डिजाइन और आकर्षक प्रस्तुति के कारण यह लोगों का ध्यान खींच रही है। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है।

**चलते फिरते जिम वाली कांवड़**

नजफगढ़ के हेड कांस्टेबल अमित ने अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर चलते फिरते जिम वाली कांवड़ बनाई है। इसके पीछे मुख्य मकसद युवाओं को नशा छोड़कर फिटनेस पर ध्यान देने का है। वाहन पर डंबल्स, बारबेल्स और पुलअप बार लगाए जा सकते हैं।

### नेपाल में कांवड़ यात्रा के दौरान हिंसा, दो की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के सुनसरी जिले में रविवार रात कांवड़ यात्रा के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर शुरू हुए एक मामूली विवाद गुरुवार को बड़े सांप्रदायिक तनाव में बदल गया है। हिंसा में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद पूरे तराई-मधेश क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। प्रदर्शन के दौरान सिराहा में एक और युवक की मौत के बाद तनाव और बढ़ गया।

*एंटी-पेपर लीक बिल पास होने पर मोदी ने जारी किया वीडियो संदेश*

## छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के दोनों सदनों से 'लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक' पारित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के नाम एक अहम वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश में एक अत्यंत भरोसेमंद, निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली स्थापित करने के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि पेपर माफिया और प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोहों के खिलाफ सरकार किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतेगी। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस नए कानून का ढांचा तैयार करते समय देश के सभी राज्यों के सुझावों को भी शामिल किया गया है।

## झपकी लगते ही ट्रक में घुसी कार दो भाइयों और ड्राइवर की मौत

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** नेशनल हाईवे-152डी पर गांव खैरड़ी मोड़ के पास गुरुवार तड़के करीब 5 बजे भीषण सड़क हादसे में टाटा पंच कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में राजस्थान के नीमकाथाना में क्रेशर कारोबार करने वाले नारनौल निवासी सगे भाई मनीष जैन (50), मनोज जैन (45) और उनके चालक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में चालक को झपकी आने से हादसा होने की आशंका है। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। दोनों भाई अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**नेशनल हाईवे 152डी पर खैरड़ी मोड़ के पास भीषण हादसा**



### दोनों दो-दो बच्चों के पिता

मृतक मनोज जैन व मनीष जैन दो-दो बच्चों के पिता हैं। मनोज कुमार की उम्र करीब 45 वर्ष है, जबकि मनीष कुमार की उम्र करीब 50 साल है। मनीष जैन की बेटी रोहतक से आर्ट एंड क्राफ्ट का कोर्स कर रही है। बेटा पिता के बिजनेस में साथ काम करता है। वहीं, मनोज की दोनों लड़कियां अभी स्कूल में पढ़ रही हैं।

टीम की जर्सी का रंग बदला, हॉकी इंडिया ने दी सफाई

## नीले एस्ट्रो टर्फ पर सही दिखता है नारंगी रंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी वर्ल्ड कप 2026 से पहले भारतीय हॉकी टीम की जर्सी को लेकर विवाद हो गया है। दशकों से नीली जर्सी में खेलने वाली भारतीय टीम अब वर्ल्ड कप में नारंगी रंग की किट में नजर आएगी। भारतीय हॉकी के दिग्गज और पूर्व कप्तान विरेन रास्किन्हा ने जर्सी का रंग बदलने के फैसले पर सवाल उठाए हैं। वहीं, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस फैसले का बचाव किया है। रास्किन्हा ने कहा कि नीले रंग की जर्सी हमारी पहचान थी। उधर, टिर्की ने कहा कि मौजूदा जर्सी का रंग खिलाड़ियों की पसंद थी। हॉकी इंडिया ने 27 जुलाई को पुरुष और महिला टीमों की नई जर्सी लॉन्च की थी।

### बदलाव की वजह

विवाद के बाद हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, 'यह देखा गया कि नीली जर्सी नीले रंग की एस्ट्रो टर्फ (मैदान की सतह) के साथ घुल-मिल जाती थी जबकि अंतरराष्ट्रीय हॉकी पिचों के लिए नीला रंग ही अब मानक है। इस एक जैसे रंग की वजह से खिलाड़ियों को मैदान पर साफ देखने में दिक्कत होती थी।'




### त्याग और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक

बयान में कहा गया 'कोचों और खिलाड़ियों ने पीले या नारंगी जैसे दूसरे रंगों का सुझाव दिया। अच्छी तरह सोच विचार के बाद नारंगी रंग को चुना गया। तकनीकी जरूरत को पूरा करने के अलावा नारंगी रंग का गहरा महत्व भी है क्योंकि यह हमारे राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में से एक है और साहस, त्याग और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है।''

### प्रियंका गांधी ने नई जर्सी की आलोचना की

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भारतीय हॉकी टीम की जर्सी का रंग नीले से नारंगी किए जाने की आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश की पहचान अहिंसा, सत्य और भाईचारे जैसे मूल्यों से जुड़ी है और इन्हें बदला नहीं जा सकता।




**खबर संक्षेप**

### नाबालिग होने के आधार पर 10 साल बाद अपील नहीं : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी नाबालिग की मां या कानूनी अभिभावक पहले ही अदालत में मुकदमा लड़ चुके हैं, तो बालिग होने के बाद वह केवल इस आधार पर वर्षों बाद फैसले को चुनौती नहीं दे सकता कि उस समय वह नाबालिग था। अदालत ने कहा कि नाबालिग होने का संरक्षण (लीगल डिसएबिलिटी) पहले से समाप्त हो चुके मुकदमे को दोबारा खोलने का अधिकार नहीं देता। जस्टिस दीपक गुप्ता ने गुरुग्राम निवासी जावेद की अपील को खारिज कर दिया, जिसमें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) के वर्ष 2007 के मुआवजा आदेश को लगभग 10 वर्ष (3266 दिन) की देरी के बाद चुनौती दी गई थी। अदालत ने देरी माफ करने की अर्जी भी नामंजूर कर दी।

### टीजीटी संगीत पदोन्नति से वंचित शिक्षकों को आखिरी मौका

**चंडीगढ़।** हरियाणा के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने टीजीटी (संगीत) पदोन्नति से वंचित रह गए पात्र शिक्षकों को राहत देते हुए उन्हें अंतिम अवसर दिया है। निदेशालय ने सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों (डीईईओ) को निर्देश दिए हैं कि लंबित पदोन्नति मामलों को हर हाल में 13 अगस्त तक भेजा जाए। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी पात्र शिक्षक का मामला जिला स्तर की लापरवाही या देरी के कारण लंबित रहा और वह पदोन्नति से वंचित पाया गया तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री ने भारत मंडपम में स्पोर्ट्स फिटनेस एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर एक्सपो को संबोधित किया

# हरियाणा स्पोर्ट्स पावर हाउस, म्हारे खिलाड़ी दुनिया भर में बढ़ा रहे मान





**प्रदेश में 2000 खेल नर्सरियां और 25 खेल अकादमियां चल रही**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

### 'हार से मत घबराना और जीत से मत इतराना हर दिन खुद को कल से बेहतर बनाना' : नायब

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हार से मत घबराना और जीत से मत इतराना, हर दिन खुद को कल से बेहतर बनाना। नशे के खिलाफ अभियान का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाना सरकार की प्राथमिकता है। युवाओं को नशे की ओर धकेलने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जींद रैली में हरियाणा को आगामी राष्ट्रमंडल खेलों और ओलंपिक के लिए नई पीढ़ी तैयार करने का लक्ष्य दिया है। इस अवसर पर दिल्ली के गृह, शिक्षा एवं खेल मंत्री आशीष सूद व हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम सहित कई अधिकारी मौजूद रहे

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश का स्पोर्ट्स पावर हाउस बन चुका है। प्रदेश की आबादी देश की कुल आबादी का केवल दो प्रतिशत है, लेकिन ओलंपिक, पैरालंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी सबसे अधिक पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित स्पोर्ट्स फिटनेस एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर एक्सपो को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन केवल प्रदर्शनी नहीं बल्कि युवाओं की शक्ति, सपनों और संकल्पों का मंच है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों को नई दिशा दी है। फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसे अभियान अब राष्ट्र निर्माण का हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की खेल संस्कृति ने प्रदेश को देश की सबसे बड़ी खेल शक्ति बनाया है। यहां के खिलाड़ियों में संघर्ष और मेहनत का जज्बा गांव की मिट्टी से आता है, जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं को छह करोड़ रुपये तक का नकद पुरस्कार दे रही है। पिछले 12 वर्षों में 17,182 खिलाड़ियों को 730 करोड़ रुपये की राशि सीधे खातों में दी गई है। प्रदेश में 8 से 14 वर्ष के खिलाड़ियों को 1500 रुपये और 15 से 19 वर्ष के खिलाड़ियों को 2000 रुपये मासिक छात्रवृत्ति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में करीब 2000 खेल नर्सरियां और 25 खेल अकादमियां संचालित हैं। खिलाड़ियों को प्रतिदिन 500 रुपये डाइट भत्ता दिया जा रहा है। पंचकूला में 10 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र खोला गया है।

### पौधरोपण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प



**घरौंडा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने आगे कहा कि प्रकृति से जुड़ना ही भगवान शिव से जुड़ना है। सावन के पावन माह की शुरुआत पर हर व्यक्ति एक लोटा जल भगवान शिव के नाम और एक पौधा आने वाली पीढ़ी के नाम का संकल्प ले। मुख्यमंत्री वीरवार को करनाल के कुटेल स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 77 वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य प्राणी मंत्री राव नरबीर सिंह ने की, जबकि हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### 1.40 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य : राव

**पंचकूला।** स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि हरियाणा सरकार ने वर्तमान मानसून ऋतु के दौरान राज्य में 1 करोड़ 40 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। स्वास्थ्य और आयुष मंत्री आरती सिंह राव बरवाला के अलीपुर स्थित हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) के परिसर में आयोजित 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहीं थीं।

## 100 सप्ताह तक नशे के खिलाफ चलेगा जनआंदोलन



- प्रधानमंत्री दो को शुरू करेंगे राष्ट्रीय अभियान
- कुरुक्षेत्र में राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

**चंडीगढ़।** युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त, को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा के लाखों युवा अभियान से वर्चुअली जुड़कर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेंगे तथा इसे प्रदेशव्यापी जनआंदोलन का स्वरूप देंगे। हरियाणा में अभियान का राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम पावन भूमि कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा, जिसमें हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेशभर से बड़ी संख्या में युवा, विद्यार्थी, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाएं सहभागिता करेंगी उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के लगभग 10,000 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों से वर्चुअल माध्यम से जुड़ते हुए एक करोड़ से अधिक युवाओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में होगी युवाओं की अधिकतम भागीदारी


## विस में महिला सशक्तीकरण पर युवा संवाद कल : कल्याण



- देशभर के 90 प्रतिभागी संवाद में हिस्सा लेंगे
- विस स्पीकर कल्याण होंगे मुख्य अतिथि

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में शुक्रवार को महिला सशक्तीकरण विषय पर केंद्रित युवा संवाद का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण होंगे। शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन स्वयंसेवी संस्था 'राजधानी युवा संसद' दिल्ली के सहयोग से किया जा रहा है। इस युवा संवाद में हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र तथा जम्मू-कश्मीर सहित देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 90 युवा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इनमें अधिकांश प्रतिभागी युवतियां होंगी। प्रतिभागियों का चयन तीन चरणों वाली कठोर चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है। चयनित युवा दिल्ली, गुरुग्राम, चंडीगढ़, मोहाली, भिवानी, जींद, अंबाला सहित कई जिलों से आ रहे है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी है।

## किसानों के लिए छलावा साबित हुई फसल बीमा योजना : हुड्डा



**चंडीगढ़ ।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि फसल बीमा योजना किसानों के लिए सिर्फ छलावा साबित हुई है। जब ये योजना शुरू हुई तो बड़े-बड़े दावे किए गए थे। लेकिन आज हालात यह है कि इसके लाभार्थियों की संख्या घटकर आधी से भी काम रह गई है। इसबार तो खुद सरकार ने खरीफ सीजन के लिए किसानों को पंजीकरण का उचित समय तक नहीं दिया।1 जो अधिसूचना हर साल 20 से 25 जून के बीच में जारी होती थी, वह इस बार 24 जुलाई को जारी की गई। यानी 11.20 लाख किसानों को पंजीकरण के लिए मुश्किल से एक हफ्ते का समय दिया गया। ऐसा लगता है कि सिर्फ किसान ही नहीं, खुद सरकार का अपनी इस योजना से मोहभंग हो गया है।

### कार्यकर्ता कांग्रेस संगठन का सबसे बड़ा आधार : दत्त

**चंडीगढ़।** कांग्रेस हरियाणा मामलों के प्रभारी संजय दत्त एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने फरीदाबाद जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों फरीदाबाद, पृथला, बड़खल, तिगांव, बल्लभगढ़ और फरीदाबाद एनआईटी में संगठनात्मक बैठकों को संबोधित किया। बैठकों में जिला, ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि कांग्रेस का सबसे बड़ा आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। पार्टी का लक्ष्य हर बूथ को मजबूत बनाकर संगठन को और अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ाया।

## यमुना को प्रदूषणमुक्त बनाने की पहल, 18 एसटीपी बनेंगे

- 12 सीईटीपी और छह बायोगैस संयंत्रों की बनेगी श्रृंखला

**चंडीगढ़।** यमुना नदी को प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत प्रदेश में 621 एमएलडी क्षमता के 18 नए सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) स्थापित किए जाएंगे। साथ ही 284 एमएलडी क्षमता वाले छह मौजूदा एसटीपी का तकनीकी उन्नयन, 12 कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी), छह बायोगैस संयंत्र और यमुना तट के तालाबों के पुनर्जीवन की योजना बनाई गई है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक में सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीवेज शोधन, औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और जलाशयों के संरक्षण के कार्यों में बेहतर समन्वय जरूरी है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने बताया कि 18 नए एसटीपी पर करीब 932.18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनके शुरू होने से यमुना जलग्रहण क्षेत्र में सीवेज शोधन क्षमता में बड़ा विस्तार होगा। इससे प्रदूषण रोकने में मदद मिलेगी।

## पति-पत्नी को एक साथ पैरोल देने पर रोक नहीं : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पति और पत्नी दोनों के पैरोल के अधिकार अलग-अलग होते हैं। केवल इस आधार पर किसी कैदी को पैरोल देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि उसकी पत्नी पहले से पैरोल पर है। हाईकोर्ट ने कहा कि पत्नी के पैरोल पर होने को पति की पैरोल याचिका खारिज करने का आधार बनाना उचित नहीं है। अदालत ने ऐसे मामले में याचिकाकर्ता को 10 सप्ताह की नियमित पैरोल देने के आदेश दिए। अदालत ने कहा कि प्रत्येक बंदी की परिस्थितियों, अधिकारों और पैरोल के उद्देश्य को अलग-अलग देखा जाना चाहिए। पति-पत्नी दोनों के पैरोल संबंधी अधिकार स्वतंत्र हैं और एक व्यक्ति को मिली पैरोल दूसरे व्यक्ति के अधिकारों को प्रभावित नहीं करती।

## बीपीएल परिवारों को निःशुल्क मिलेंगे राष्ट्रीय ध्वजः रस्तोगी

- हर घर तिरंगा अभियान : 9 से 17 अगस्त तक होंगे देशभक्ति कार्यक्रम

**चंडीगढ़।** स्वतंत्रता दिवस से पहले हरियाणा सरकार प्रदेशभर में देशभक्ति और जनभागीदारी का बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है। 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के तहत बीपीएल परिवारों को मुफ्त राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध करवाए जाएंगे, जबकि अन्य नागरिकों को उचित मूल्य पर तिरंगा उपलब्ध कराया जाएगा। अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी प्रशासनिक सचिवों, उपायुक्तों और विभागाध्यक्षों को कार्यक्रमों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान में सरकारी विभागों के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों, शहरी एवं ग्रामीण निकायों, पुलिस, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

## दशकों पुराने भूमि अधिग्रहण विवाद 2013 कानून से दोबारा नहीं खुल सकते : हाईकोर्ट



- खंडपीठ ने बहादुरगढ़ के एक मामले को खारिज कर की टिप्पणी

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि वर्षों पहले अंतिम रूप ले चुके भूमि अधिग्रहण मामलों को भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 की धारा 24(2) के आधार पर दोबारा जीवित नहीं किया जा सकता। जस्टिस विकास बहल और जस्टिस सुभाष मेहला की खंडपीठ ने झज्जर जिले के बहादुरगढ़ क्षेत्र में एक बीघा 12 बिस्वा भूमि के अधिग्रहण को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि 2013 के कानून के लागू होने के बाद कई मामलों में भू-स्वामियों ने दशकों पुराने अधिग्रहण विवादों को फिर से खोलने का प्रयास किया है। खंडपीठ ने कहा कि ऐसे दावे 'डेड एंड स्टेल' हो चुके है।

नगर निगमों में कर का सिस्टम बदला, अलग-अलग गुणनांक तय किए

# हरियाणा में अब पूंजी मूल्य के आधार पर लगेगा संपत्ति कर

**एक अगस्त से नई व्यवस्था लागू, फरीदाबाद-गुरुग्राम-मानेसर ए-1 श्रेणी में**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

### नगर निगमों को दो श्रेणियों में बांटा

नगर निगमों को दो श्रेणियों में बांटा गया है। ए-1 श्रेणी में फरीदाबाद, गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम शामिल हैं, जबकि ए-2 श्रेणी में अंबाला, हिसार, करनाल, पंचकूला, पानीपत, रोहतक, सोनीपत और यमुनानगर को रखा गया है। ए-1 श्रेणी में आवासीय संपत्तियों पर पूंजी मूल्य का 0.030 प्रतिशत और ए-2 श्रेणी में 0.029 प्रतिशत वार्षिक कर लगेगा। गैर-आवासीय संपत्तियों के लिए ए-1 में 0.10 प्रतिशत और ए-2 में 0.09 प्रतिशत दर निर्धारित की गई है।

हरियाणा सरकार ने नगर निगम क्षेत्रों में संपत्ति कर निर्धारण की नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब संपत्ति कर का निर्धारण पूंजी मूल्य (कैपिटल वैल्यू) के आधार पर किया जाएगा।

नई व्यवस्था 1 अगस्त, 2026 से लागू होगी और यह वर्ष 2013 की पुरानी अधिसूचना का स्थान लेगी। शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में संपत्ति कर निर्धारण की नई पद्धति, कर दरें, उपयोग आधारित गुणनांक, छूट, रियायत और दंड के प्रावधान तय किए गए हैं। नई व्यवस्था के तहत अपार्टमेंट, फ्लैट और स्वतंत्र तल को छोड़कर अन्य संपत्तियों का पूंजी मूल्य प्लॉट क्षेत्रफल, कलेक्टर रेट और फ्लोर फैक्टर के आधार पर तय होगा। वहीं फ्लैट का मूल्यांकन कारपेट क्षेत्रफल और कलेक्टर रेट तथा स्वतंत्र तल का मूल्यांकन प्लॉट क्षेत्रफल और कलेक्टर रेट से किया जाएगा।

नई व्यवस्था में संपत्ति के उपयोग के आधार पर अलग-अलग गुणनांक तय किए गए हैं। आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक, संस्थागत, मॉल, मैरिज पैलेस, पेट्रोल पंप, टेलीकॉम टावर, निजी अस्पताल और अन्य श्रेणियों की संपत्तियों के लिए अलग नियम होंगे। सरकार ने कई श्रेणियों की संपत्तियों को कर से छूट भी दी है। इनमें सरकारी संस्थान, अस्पताल, अनाथालय, श्मशान एवं कब्रिस्तान, कृषि भूमि, गोशालाएं, धर्मार्थ संस्थान, स्वतंत्रता सेनानियों एवं पात्र रक्षा कर्मियों के आवास सहित अन्य संपत्तियां शामिल हैं। समय पर कर जमा करने वालों को रियायत का लाभ मिलेगा। नगर निगम क्षेत्रों में शामिल गांवों के लाल डोरा क्षेत्र की आवासीय संपत्तियों को 75 प्रतिशत तक छूट मिलेगी।

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission Of India
विशेष गहन पुनरीक्षण – 2025–26
हरियाणा में
CHIEF ELECTORAL OFFICER, HARYANA
प्रारंभिक मतदाता सूची
(DRAFT ELECTORAL ROLL)
का प्रकाशन आज
31 जुलाई, 2026
को किया गया
अपना नाम चेक करें
क्या आपका नाम मतदाता सूची में है? अभी चेक करें और सुनिश्चित करें।
क्या करें?
यदि आपका नाम सूची में है — तो कोई कार्यवाही की आवश्यकता नहीं है।
यदि आपका नाम छूट गया है — तो पूर्ण दस्तावेजों एवं घोषणा पत्र सहित Form-6 भरकर दावा करें।
यदि किसी जानकारी में त्रुटि है — तो पूर्ण दस्तावेजों एवं घोषणा पत्र सहित Form-8 भरकर संशोधन हेतु आवेदन करें।
दावा एवं आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त, 2026
ऑनलाइन सेवाओं के लिए ECINET-APP का उपयोग करें।
डाउनलोड करें
Helpline 1950 पर कॉल करें
अधिक जानकारी के लिए अपने जिला निर्वाचन अधिकारी (DEO) तथा निर्वाचन पंजीयन अधिकारी (ERO) के कार्यालय में संपर्क करें।
जागरूक मतदाता सशक्त लोकतंत्र
कोई मतदाता न छूटे, हर वोट महत्वपूर्ण है।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा का संदेश
"हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।"

## पशु लोन करवाने के नाम पर 30 हजार लेते वेटनरी डॉक्टर काबू



**कैथल।** एक वेटनरी डॉक्टर को एसीबी की टीम ने 30 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोच लिया। आरोपी ने एक किसान से लोन पास कराने के नाम पर 30 हजार रिश्वत मांगी थी। गुरुवार को किसान की सूचना पर कैथल के विश्वकर्मा चौक से डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया। चौक पर डॉक्टर अपनी गाड़ी में ब्ला-ब्ला एप के थ्रू चंडीगढ़ सवारियां लेकर जा रहा था। बताया जा रहा है कि ड्यूटी के बाद डॉक्टर अक्सर कैथल से गाड़ी लेकर चंडीगढ़ जाता रहता था। गांव सेंगरी निवासी शिकायतकर्ता राममेहर के मुताबिक, उन्हें डेयरी की भैंसों पर लोन लेना था। बैंक ने पशुओं का हेल्थ सर्टिफिकेट मांगा। जो पट्टी अफगान में तैनात वेटनरी सर्जन डॉक्टर अंकुर से अप्रूव कराना था। 15 जुलाई को डॉक्टर ने 30 हजार रुपये मांग लिए। राममेहर ने बताया कि साइन करने के बाद डॉक्टर पैसे मांगने के लिए दिन में 10-12 फोन कर देता था। कई बार पैसे मांगने डेयरी पर भी आ जाता था। इसी से परेशान होकर उन्होंने गुरुवार सुबह एसीबी से डॉक्टर की शिकायत की। पकड़े जाने के बाद डॉक्टर को एसीबी के इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने मुंह ढकने के लिए रुमाल दिया, लेकिन उसने लेने से मना कर दिया और कहा कि इसकी कोई जरूरत नहीं है। उसने मीडियाकर्मियों के सामने आराम से फोटो करवाए।

## कार छोड़ने के लिए पांच हजार रिश्वत लेते एसआई गिरफ्तार

**पंचकूला।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सेक्टर-21 पुलिस चौकी में तैनात सब इंस्पेक्टर देशराज को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर शिकायतकर्ता की कार छोड़ने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने लिखित शिकायत के साथ रिश्वत मांगने की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सौंपी। ब्यूरो ने शिकायत और ऑडियो का सत्यापन किया, जिसमें प्रथम दृष्टया रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। कार्रवाई के दौरान आरोपी एसआई देशराज को शिकायतकर्ता से 5 हजार की रिश्वत स्वीकार करते हुए मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

### लग्जरी कार में नोएडा से लाई जा रही ड्रग्स पकड़ी

# नशे की लत ने पायलट को बनाया तस्कर, 814 ग्राम ड्रग्स बरामद

- केरल निवासी अरशद अली प्राइवेट कंपनी के चार्टर्ड प्लेन उड़ाता है
- करीब 40 लाख रुपये की एमडीएमए के साथ आरोपी को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

नोएडा से लग्जरी कार में छिपाकर ड्रग्स की बड़ी खेप ला रहे एक पायलट को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। करीब 814 ग्राम एमडीएमए की कीमत 40 लाख रुपये आंकी जा रही है। प्राइवेट कंपनी में विमान उड़ाने वाले आरोपी पर पुलिस की कई दिन से नजर थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की पहचान केरल निवासी अरशद अली (32) उर्फ अज्जू के रूप में की है। वह वर्तमान में गुरुग्राम के दौलताबाद स्थित लैंडमार्क सोसायटी में रह रहा था। आरोपी के पास एयर पायलट लाइसेंस है और वह पहले एक प्राइवेट एयरलाइन में पायलट के तौर पर काम करता था, लेकिन अभी वह प्राइवेट फर्म में चार्टर्ड प्लेन उड़ाता है। क्राइम ब्रांच ने बताया कि उन्हें काफी दिनों से इसको लेकर जानकारी मिल रही थी, जिसके बाद गुरुवार सुबह 10 बजे सेक्टर-103 के पास नाकाबंदी कर लग्जरी कार से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया।

पुलिस पूछताछ में अरशद ने बताया कि शुरुआत में वह खुद ड्रग्स का सेवन करता था। धीरे-धीरे नशे की लत बढ़ने के कारण पैसों की जरूरत हुई और इसी वजह से वह ड्रग्स तस्करी में उतर गया। एसीपी क्राइम नवीन शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ राजेंद्र पार्क थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। कमर्शियल मात्रा में एमडीएमए बरामद होने के कारण आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा ताकि पूरे ड्रग सिंडिकेट का खुलासा किया जा सके।

### नोएडा के ड्रग्स सप्लायर की तलाश



एसीपी नवीन शर्मा ने बताया कि मामले में अरशद के नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। उस सिंडिकेट की तलाश की जा रही है, जो उसे नोएडा से ड्रग्स की खेप उपलब्ध कराता था। पुलिस की टीमें नोएडा और दिल्ली एनसीआर के कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। जांच का मुख्य फोकस यह पता लगाना है कि अरशद यह ड्रग्स गुरुग्राम के किन-किन से लेता था। पुलिस को आशंका है कि इस रैकेट के तार अन्य राज्यों और एयरलाइन क्षेत्र से जुड़े कुछ अन्य लोगों से भी जुड़े हो सकते हैं।

## गुरुग्राम में 100 करोड़ के ठेके के सामने फूल कारोबारी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

शहर के पॉश इलाके डीएलएफ फेज-1 में फूल कारोबारी की उसकी ही फ्लावर शॉप में हत्या कर दी गई। खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप मच गया।



शहर के सबसे व्यस्त इलाके और 100 करोड़ के ठेके जी-टाउन वाइन शॉप और ब्रिस्टल होटल के सामने ही उसकी दुकान है। मृतक की पहचान बिहार के मोतिहारी के रहने वाले संजय के रूप में हुई है।

पास के दुकानदार दीपक यादव ने बताया कि खुशी फ्लोरिस्ट नाम से फूलों की दुकान चलाने वाले राजा ने उसे कॉल किया कि उसके भाई संजय के साथ कुछ अनहोनी हो गई है और वह तुरंत दुकान के अंदर जाकर देखें। दीपक जब दुकान के भीतर पहुंचा तो वहां संजय का शव पड़ा हुआ था। उनके सिर पर किसी भारी चीज से वार किए जाने के गहरे निशान थे और खून फैला हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही डीएलएफ फेज-1 थाना पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम मौके पर पहुंची।

परिजनों के मुताबिक बुधवार की रात संजय का दुकान पर ही किसी व्यक्ति के साथ झगड़ा हुआ था। आस-पास के दुकानदारों ने भी रात में बहस होने की आवाजें सुनी थीं। दीपक यादव ने पुलिस को दी शिकायत में साफ तौर पर हत्या का शक जताया है। 32 साल के संजय के दो बच्चे हैं एक लड़का एक लड़की है। राजा उसका छोटा भाई है।

### बंद कमरे में मिला सड़ा शव तेजधार हथियार से हत्या

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड थाना क्षेत्र के अनंगपुर गांव में किराए के कमरे से एक युवक का सड़ा-गला शव मिला है। मृतक की गर्दन पर गहरे कट के निशान मिले हैं, जिससे उसकी हत्या किसी तेजधार हथियार से होने की आशंका है। जिस महिला ने यह कमरा किराए पर लिया था, पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार तड़के करीब 3 बजे मकान में रहने वाले अन्य किराएदारों को एक कमरे से तेज बदबू आने लगी। बदबू इतनी ज्यादा थी कि वहां रहना मुश्किल हो गया। इसके बाद किराएदारों ने मकान मालिक को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर मकान मालिक के बेटे अरुण मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि कमरे के बाहर ताला लगा हुआ था। इसके बाद तुरंत सूरजकुंड थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। कमरे के अंदर करीब 35 से 40 वर्ष के एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

### वीडियो जारी कर गुर्जर ने सुनाई आपबीती

## जंतर मंतर पर अनशन करने वाले को दिल्ली पुलिस ने उठाया

- कांग्रेस नेताओं ने पुलिस कार्रवाई पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर

दिल्ली में जंतर-मंतर पर अनशन करने वाले बेरूंडला निवासी रंगलाल गुर्जर को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। पार्लियामेंट थाने में धरने व अन्य गतिविधियों के संदर्भ में पूछताछ करने की सूचना है।



पुलिस की कार्रवाई पर कांग्रेस के जिला प्रधान सत्यवीर झुकिया व अन्य पदाधिकरियों ने रोष जताया है। पीड़ित रंगलाल ने सुबह 9 बजे वीडियो जारी किया, जिसमें पुलिस पर तानाशाही के आरोप लगाए हैं। कहा कि सीजेपी के प्रदर्शन में चार अन्य साथियों के साथ अनशन किया था, उस दौरान सरकार ने सभी केस वापस लेने तथा मांगे स्वीकार करके अनशन व प्रदर्शन खत्म करने का आग्रह किया था। इसके बाद कांग्रेसी नेता व अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जूस पिलाकर नौ दिन चले अनशन को खत्म कराया। लेकिन अब दिल्ली पुलिस सरकार के लिखित वादे को नकारते हुए उसे सुबह सात बजे मकान से हिरासत में लिया है। जांच के नाम पर सुबह से परेशान किया जा रहा है, अपमानित बर्ताव करके मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने रिहा नहीं किया तो जल्द ही आगामी रूपरेखा बनाई जाएगी। इस संदर्भ में कांग्रेस के जिला प्रधान सत्यवीर झुकिया ने बताया कि पार्टी का समर्थन पूरी तरह युवाओं के साथ है। दिल्ली पुलिस ने नियमों को ताक पर रखकर रंगलाल गुर्जर को हिरासत में लिया है। पार्टी पूरी रंगलाल के साथ खड़ी है तथा कानूनी पहलूओं पर विचार किया जा रहा है।

## कार और पिकअप की टक्कर में दादा-पोते व एक महिला की मौत

**सिरसा (हरिभूमि न्यूज)।** जिला के गांव पोहड़कां के निकट वीरवार को सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दादा-पोता व एक महिला शामिल है। जानकारी के अनुसार वीरवार को सिरसा के बेगू रोड निवासी ओमप्रकाश अपने पोते केशव व एक रिश्तेदार महिला के साथ ऐलनाबाद से वापस सिरसा लौट रहे थे। रास्ते में गांव पोहड़कां के निकट उनकी कार सामने से आ रही एक पिकअप गाड़ी से टकरा गई। हादसे में कार सवार तीनों घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने उपचार के लिए ऐलनाबाद के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने ओमप्रकाश व सात वर्षीय केशव को मृत घोषित कर दिया, जबकि महिला संतोष ने उपचार के दौरान एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिरसा के नागरिक अस्पताल भिजवा दिया गया है।

### गड्ढे में बाइक गिरने से किसान की मौत

डबवाली उपमंडल के गांव अलीकां निवासी किसान प्रकाश सिंह की हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्रकाश सिंह बाइक पर सवार होकर जा रहा था। सड़क पर बने गड्ढे में मोटरसाइकिल गिर गया और प्रकाश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे बंठिडा एम्स ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। डबवाली के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद गुरुवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## सब्सिडी का यूरिया बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

- पुलिस ने 600 कट्टों समेत ट्रक पकड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जगभान सिंह की टीम ने कृषि योग्य सब्सिडी वाले यूरिया खाद के 600 कट्टों से भरे ट्रक को पकड़ा है। पुलिस ने चालक सहित दो व्यक्तियों को काबू किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 29 जुलाई को गांव गोहरा क्षेत्र में एक संदिग्ध ट्रक को जांच के लिए रोका गया। ट्रक में आईएफएफसीओ द्वारा निर्मित 600 कट्टे भारत यूरिया खाद लोड मिले। ट्रक चालक गांव समाना जिला पटियाला, पंजाब निवासी जोगा सिंह तथा गांव बुडिया जिला यमुनानगर निवासी आशीफ अली ट्रक में लदे यूरिया खाद के संबंध में कोई वैध बिल, बिल्टी अथवा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। सूचना पर पहुंचे थाना सीवन से एसआई सुभाष, कृषि विभाग के भूपिंद्र सिंह, गुण नियंत्रण निरीक्षक, कैथल, सतीश कुमार, उपमंडल कृषि अधिकारी, कैथल मौके पर पहुंचे और बरामद खाद का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि ट्रक में लदा यूरिया आईएफएफसीओ द्वारा निर्मित कृषि उपयोग हेतु भारत सरकार द्वारा अनुदानित यूरिया है, जिसे केवल किसानों को कृषि कार्य के लिए निर्धारित दर पर उपलब्ध कराया जाता है। गदोनों आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।







सुरक्षित फसल, सुरक्षित खलिहान
फसल बीमा है किसानों के लिए वरदान

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

बीमा करवाने की अन्तिम तिथि 31.07.2026

» मौजूदा खरीफ 2026 सीजन में धान, बाजरा, कपास, मक्का व मूंग फसलों का बीमा।
» किसान द्वारा देय प्रीमियम धान, बाजरा, मक्का व मूंग के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत तथा कपास के लिए बीमित राशि का 5 प्रतिशत तथा शेष प्रीमियम का भुगतान राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा किया जाएगा।

फसलवार प्रति एकड़ बीमित राशि तथा किसान द्वारा देय प्रीमियम निम्न प्रकार से है :-

| क्रमांक | फसल | बीमित राशि (रुपये / एकड़) | किसान द्वारा देय प्रीमियम (रुपये / एकड़) |
|---|---|---|---|
| 1. | धान | 45147.17 | 902.94 |
| 2. | कपास | 46189.24 | 2309.46 |
| 3. | बाजरा | 21763.61 | 435.27 |
| 4. | मक्का | 23152.49 | 463.05 |
| 5. | मूंग | 20258.18 | 405.16 |

» बेमौसमी बारिश ओलावृष्टि व जलभराव से खड़ी फसल में नुकसान होने पर क्लेम खेत स्तर पर देय (धान फसल में जलभराव को छोड़कर)
» फसल कटाई के 14 दिनों के अन्दर फसल में नुकसान होने पर भी क्लेम खेत स्तर पर देय (जो फसल सुखने के लिए खेत में रखी हो)।
» गांव में किसी फसल की औसत पैदावार पूर्व निर्धारित पैदावार से कम होने पर क्लेम गांव के सभी बीमित किसानों को।

किसानों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी फसलों का बीमा करवाएं



अधिक जानकारी के लिए भारत सरकार द्वारा जारी कृषि रक्षक पोर्टल व हेल्पलाइन 14447, अपनी बैंक शाखा या बीमा कम्पनी से सम्पर्क करें।

योजना का पूरा विवरण कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की वेबसाइट www.agriharyana.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: जिला कृषि उप-निदेशक

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
www.agriharyana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

## विश्व स्वर्ण परिषद ने जारी की दूसरी तिमाही रिपोर्ट

# मौसमी सुस्ती से भारत में सोने की मांग अप्रैल-जून तिमाही में छह प्रतिशत घटी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

- सीमा शुल्क में वृद्धि व पीएम की अपील का पड़ा असर
- सालाना आधार पर मांग घटकर 131.4 टन रही
- सोने की खपत का मूल्य 1,98,100 करोड़ रुपए रहा

मौसमी सुस्ती, सीमा शुल्क में बढ़ोतरी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोने की खरीद कम करने की अपील के कारण भारत में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान सोने की मांग सालाना आधार पर छह प्रतिशत घटकर 131.4 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

डब्ल्यूजीसी की वर्ष की दूसरी तिमाही पर आधारित 'क्यू2 2026 गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स' रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष की समान अवधि में कुल मांग 139.7 टन थी। डब्ल्यूजीसी के भारत क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने कहा, हालांकि, मूल्य के लिहाज से मांग रिकॉर्ड स्तर पर रही।



### सोने की मांग 650 से 750 टन के बीच रहेगी

सोने की खपत का मूल्य 1,98,100 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2025 की समान अवधि में यह 1,32,500 करोड़ रुपये था। यह 2025 की दूसरी तिमाही की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है जो दर्शाता है कि ऊंची कीमतों के बावजूद उपभोक्ता सोने को प्राथमिकता दे रहे हैं। आगामी स्थिति पर जैन ने कहा कि डब्ल्यूजीसी का अनुमान है कि समूचे वर्ष के दौरान सोने की मांग 650 से 750 टन के बीच रहेगी।

### सोने के बिस्कुट और सिक्कों की मांग बढ़ी

जैन ने कहा, '' हमारा मानना है कि तस्करी और अवैध सोने का बाजार में पहुंचना इस उद्योग के लिए सबसे बड़ा जोखिम है और हमें इसके संकेत मिलने लगे हैं। आने वाली तिमाहियों में हम इस पर नजर रखेंगे।'' इस बीच, निवेश मांग उत्साहजनक रही। सोने के बिस्कुट और सिक्कों की मांग सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 50.3 टन हो गई जबकि वैश्विक स्तर पर निकासी के बावजूद भारत के गोल्ड ईटीएफ में 4.2 टन का शुद्ध निवेश आया।

### भारत में आभूषणों की मांग 15 फीसदी गिरी

सीईओ ने कहा, '' हमें अब भी इस वर्ष मांग 650 से 750 टन के दायरे में रहने की उम्मीद है। हालांकि, मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों, ब्याज दरों और मुद्रास्फीति को देखते हुए हमारा मानना है कि मांग इस दायरे के मध्य के आसपास रहेगी। यदि सीमा शुल्क कम किया जाता है, तो मांग इस दायरे के ऊपरी स्तर तक पहुंच सकती है।'' समीक्षाधीन तिमाही में भारत में आभूषणों की कुल मांग 15 प्रतिशत घटा।

### पुराना सोना देकर नया सोना लेने की मात्रा घटी

इस बीच, डब्ल्यूजीसी के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-जून तिमाही में भारत में पुराना सोना देकर सोने का नया सामान लेने की मात्रा 17 प्रतिशत घटकर 19.2 टन रह गई, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 23.1 टन थी। वर्ष 2026 की दूसरी (अप्रैल-जून) तिमाही में भारत का कुल सोना आयात 98.1 टन रहा जो 2025 की समान अवधि के 127.4 टन की तुलना में 23 प्रतिशत कम है।

### विदेशी मुद्रा बचाने पीएम ने किया था आग्रह

जैन ने कहा, मौसमी सुस्ती, प्रधानमंत्री की सोने की खरीद कम करने की अपील और सीमा शुल्क में वृद्धि सहित अन्य कारणों का मांग पर असर पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस वर्ष मई में लोगों से अस्थिर कच्चे तेल की कीमतों के कारण बढ़ती आयात लागत के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए गैर-जरूरी सोना खरीद कम करने और बचत के अन्य विकल्प अपनाने का आग्रह किया था।

# एचडीएफसी बैंक ने सीएसआर पर खर्च किए 1316 करोड़ रुपये



- पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक
- 10.77 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एचडीएफसी बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 में अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल पर 1,316.18 करोड़ रुपये खर्च किए। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने बयान में कहा कि उसकी सीएसआर पहल 'परिवर्तन' के माध्यम से अब तक 10.77 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। बयान के अनुसार, एचडीएफसी बैंक ने अपने इस कार्यक्रम के तहत अब तक लगभग 7,492 करोड़ रुपये का संचयी निवेश किया है। इसके तहत सीएसआर पहल अब देश के सभी 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंच चुकी हैं। बैंक के प्रमुख 'समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम' (एचआरडीपी) का दायरा बढ़कर देश के 11,000 से अधिक गांवों तक पहुंच गया है, जबकि एक वर्ष पहले यह 10,430 से अधिक गांवों में संचालित था। जल संरक्षण, कृषि, आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामुदायिक अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में समग्र दृष्टिकोण अपनाते हुए यह कार्यक्रम ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ ग्रामीण परिवेश को भी मजबूत कर रहा है।


## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला सोनीपत के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसाना (3491) ब्लाक- खरखौदा मे दिनांक 07-08-2026 दिन - शुक्रवार प्रातः 10:00 बजे 8 जर्जर कमरो व सम्बंधित बरामदे की खुली बोली द्वारा नीलामी की जानी है। प्रत्येक बोली दाता द्वारा धरोहर राशि के रुप में 50000/- (रुपए का डीडी / कैश बोली से पूर्व विद्यालय के मुखिया को जमा करवाना होगा। सभी समय पर पहुंचे। बोली से सम्बन्धित रिजर्व मूल्य व अन्य शर्तें मौके पर बता दी जाएगी।

श्री शब्बीर, प्रधान, SMC G.S.S.S., Sisana-3491 — श्री भूदेव सिंह प्रधानाचार्य G.S.S.S.,Sisana-3491


### महिंद्रा एंड महिंद्रा के लाभ में 34% बढ़ा

**मुंबई।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 34 प्रतिशत बढ़कर 5,455 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी ने 4,083 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। एमएंडएम ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका राजस्व 28 प्रतिशत बढ़कर 58,188 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 45,529 करोड़ रुपये था।


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Vineet Kumar Civil Judge (Junior Division), Jhajjar
1. Ompati Wd/o Raj Singh
Vs.
1 Sudhi D/o Mamchand (Deceased) through (a) Bhateri W/o Sukhbir (Deceased) through (i) Sunil
CNR No. HRJR02-001634-2024
Next Date:- 07.09.2026
PUBLICATION ISSUED TO:
1(b). Roshni W/o Balwan and D/o Sudhi, Village Gwalison, District Jhajjar, 1 C Bedo wife of Satbir and Daughter of sudhi. Village Gwalison, District Jhajjar, 1 D Kitabo wife of mahender, r/o village leelwal near tikri border Delhi
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 07.09.2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- (Vineet Kumar)
Civil Judge (Junior Division), Jhajjar
Dated, this day of 28-07-2026

## निविदा/बोली आमंत्रण सूचना

सभी योग्य एवं इच्छुक ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धवाना जिला रेवाड़ी में पुराने जर्जर भवन को तोड़ने के कार्य हेतु दिनांक 03.08.2026 को प्रातः 9:00 बजे स्कूल प्रांगण में बोली लगाई जानी है। नियम एवं शर्तें SSA की लागू होनी है जो की मौके पर बता दी जाएगी। बोलीदाता को बोली पूर्व 25% राशि व सफल बोलीदाता को 100% राशि जमा करवानी होगी।

हस्ता/- प्रिंसिपल
रा. व. मा. वि. धवाना (2472)
मो. 9416248007, 9991206796

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला महेन्द्रगढ़ के GMSPS भोजावास (14917) कनीना में दिनांक 07.08.2026 को सुबह 10 बजे सात कमरों की खुली बोली द्वारा नीलामी की जानी है। प्रत्येक बोलीदाता द्वारा धरोहर के रूप में राशि रु. 10,000/- डी.डी. / कैश बोली से पूर्व मुखिया को जमा करवाना होगा। बोलीदाता के हक में बोली छोड़ने उपरांत कुल राशि (धरोहर राशि छोड़कर) का 25% मौके पर व बकाया 75% राशि 72 घण्टों के अंदर जमा करानी होगी। बोली से सम्बन्धित रिजर्व मूल्य व अन्य शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

प्रधान SMC व मुख्य शिक्षक
9671856110


### एचसीएल टेक की रोशनी नाडर बनीं देश की सबसे अमीर महिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एचसीएलटेक की चेयरपर्सन रोशनी नाडर मल्होत्रा संपित्त सृजन के मामले में सबसे आगे हैं। वहीं, हिंदुस्तान यूनिलीवर की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक प्रिया नायर ने 'पेशेवर सीईओ' श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया जो 5,06,600 करोड़ रुपये मूल्य वाली कंपनी का नेतृत्व कर रही हैं। 'कैंडेयर हुरुन इंडिया महिला नेतृत्व सूची' में यह कहा गया है। इस साल की सूची में 117 महिलाओं को शामिल किया गया है, जबकि 2025 में यह संख्या 97 थी। इस तरह सूची में शामिल महिलाओं की संख्या में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले साल नौ श्रेणियों वाली इस सूची का दायरा बढ़ाकर 2026 में 12 श्रेणियों तक कर दिया गया है, ताकि महिला नेतृत्व के व्यापक स्वरूप को शामिल किया जा सके।

### 'मशरूम-एड सूप पाउडर स्टेरॉयड-मुक्त प्रमाणित, गुणवत्ता पर लगी मुहर'

**नागपुर।** स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में मशरूम-एड सूप पाउडर को महाराष्ट्र राज्य के फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की अधिकृत प्रयोगशाला द्वारा किए गए परीक्षण में स्टेरॉयड-मुक्त पाया गया है। यह परीक्षण रिपोर्ट उत्पाद की गुणवत्ता, शुद्धता एवं उपभोक्ता सुरक्षा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत आधार प्रदान करती है। कंपनी के अनुसार, मशरूम-एड सूप पाउडर प्राकृतिक औषधीय मशरूम तथा चयनित आयुर्वेदिक एवं हर्बल घटकों से तैयार किया गया एक फूड सप्लीमेंट है। प्रयोगशाला जांच में इसमें किसी भी प्रकार के स्टेरॉयड की उपस्थिति नहीं पाई गई, जिससे उपभोक्ताओं, विक्रेताओं और वितरकों का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि मशरूम-एड सूप पाउडर हाई प्रोटीन, हाई फाइबर, और विटामिन्स व मिनरल्स का एक अच्छा स्त्रोत है और इसमें उपयोग होने वाला ओएस्टर मशरुम प्राकृतिक पोषक तत्वों, एंटीऑक्सीडेंट्स तथा जैव-सक्रिय घटकों से समृद्ध होते हैं। संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के साथ इनका सेवन सामान्य प्रतिरक्षा (इम्युनिटी), ऊर्जा तथा समग्र स्वास्थ्य को सहयोग प्रदान कर सकता है।




### विदेशी पूंजी के प्रवाह से सेंसेक्स 274 अंक चढ़ा



**मुंबई (एजेंसी)।** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ के साथ बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली और विदेशी पूंजी के प्रवाह से बीएसई सेंसेक्स 274 अंक चढ़ा एनएसई निफ्टी में 67 अंक का लाभ रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद अंतिम घंटे में लिवाली से तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 273.55 अंक की बढ़त के साथ 77,928.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 566.18 अंक का उतार-चढ़ाव आया। निफ्टी भी 66.95 अंक बढ़कर 24,317.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और पावर ग्रिड के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं अदाणी पोर्ट्स, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फिनसर्व और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर नुकसान में रहे।

### सेबी वैकल्पिक निवेश कोष योजनाएं करेगी जल्द पेश




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) की योजनाओं को जल्द और आसान तरीके से शुरू करने के लिए कदम उठाया है। इसके तहत सरल और तेज मंजूरी वाली व्यवस्था 'गरुड़' को लेकर परिचालन रूपरेखा जारी की गयी है। सेबी (वैकल्पिक निवेश कोष) विनियमन, 2012 में इस महीने की शुरुआत में किए गए संशोधनों के बाद 'ग्रीन-चैनल: दस्तावेज प्राप्ति की पुष्टि के बाद एआईएफ योजनाओं की शुरुआत (गरुड़)' व्यवस्था पेश की गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र में कहा कि संशोधित रूपरेखा के तहत नियमित योजनाएं शुरू करने वाले एआईएफ, जब तक कि नियामक की ओर से कोई अन्य निर्देश न दिया जाए। पंजीकृत मर्चेंट बैंकर के माध्यम से सेबी के पास नियोजन ज्ञापन (पीपीएम) दाखिल करने के 10 कामकाजी दिन बाद योजना शुरू कर सकते हैं। पहली बार शुरू की जा रही योजनाओं के मामले में पेश सेबी पंजीकरण की तारीख से या आवेदन दाखिल करने के 10 कामकाजी दिनों की अवधि पूरी होने के बाद, जो भी बाद में हो, शुरू किया जा सकेगा। नियामक ने केवल मान्यता प्राप्त निवेशकों वाले कोष, अधिक मूल्य के कोष और एंजल फंड के लिए भी प्रक्रिया को सरल बनाया है।

### सोना 1,000 मजबूत, चांदी 600 रुपये टूटी

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। इसकी वजह वैश्विक बाजार में मजबूत रुझानों के बीच आभूषण और फुटकर विक्रेताओं की ओर से ताजा लिवाली है। इससे पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी की कीमत 600 रुपये टूटकर 2,24,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि बुधवार को यह 2,25,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कहा कि आभूषण विक्रेताओं और स्टॉक रखने वालों की मांग बढ़ने से घरेलू सोने की कीमतें थोड़ी बढ़ीं; हालांकि, रुपया मजबूत होने से कीमतों में और बढ़ोतरी सीमित रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''फेडरल रिजर्व की हालिया नीतिगत घोषणा के बाद डॉलर में गिरावट के बीच इस कीमती धातु की मांग बढ़ने से बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में तेजी आई।'' उन्होंने कहा कि पिछले सत्र में लगभग एक प्रतिशत की गिरावट के बाद डॉलर इंडेक्स 101 के स्तर के आसपास बना रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,071.55 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था और चांदी एक प्रतिशत बढ़कर 58.25 डॉलर प्रति औंस हो गई। कोटक नियो (पहले कोटक सिक्योरिटीज) में जिंस शोध विभाग की एवीपी, कायनात चैनवाला ने कहा, ''हाजिर सोना 4,060 डॉलर प्रति औंस और चांदी 57.5 डॉलर प्रति औंस के आसपास स्थिर बनी हुई है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)
### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक / लो.क.वि./2026/940 — रिसाली दिनाँक 28/07/26

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 22 मैत्री कुंज, वार्ड क्र. 23 एवं डुण्डेरा में जल आपूर्ति हेतु ओवर हैड टैंक का निर्माण कार्य। | 196260 | 299.82 | 18.08.2026 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन डी.डी, धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ईश्वर,** पुत्र ओम प्रकाश, निवासी मकान सं. 329/352, मोहल्ला नानझान, गाँव दुल्हेड़ा, थाना बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 316/2019 धारा 498A/406/34 भा.दं.सं. थाना वसंत कुंज (दक्षिण), नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **ईश्वर** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **ईश्वर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा **धारा 82 Cr.P.C.** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 316/2019 धारा 498A/406/34 भा.दं.सं. थाना वसंत कुंज (दक्षिण), नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ईश्वर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **23.09.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री कविता बिष्ट,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-(महिला न्यायालय)-01,**
**कमरा संख्या-11, प्रथम तल, मुख्य भवन,**
**पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली।**

DP/10555/SW/2026

## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि., रोहतक | 2026_HBC_535820_1 | 1. अनुमानित लागत 40 लाख प्रत्येक के रूप में पढ़ी जाए। 2. पात्रता मानदंड परिवर्तन। 3. भुगतान शर्तें परिवर्तित। | vitaindia@gmail.com | 9896401185 vitarohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47684/I/88/6 दि. 30.07.26

## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि., रोहतक | 2026_HBC_533552_1 | 1. पात्रता और मानदंड संशोधित किए गए। 2. तिथि 07.08.2026 अप. 16:00 बजे तक बढ़ाई गई, खुलना 10.08.2026 पूर्वा. 11:30 बजे। | vitaindia@gmail.com | 9896401185 vitarohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47682/I/88/6 दि. 30.07.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | एनआईटी सं. 03/आरजीटीपीपी/सीएचपी/एफ-473/2026-27 दिनांक 27.07.2026. 2×600 एमडब्ल्यू आरजीटीपीपी, एचपीजीसीएल, खेदड़, हिसार में 2400 टीपीएच ऑटोमेटेड कोल हैंडलिंग संयंत्र के प्रचालन और रखरखाव हेतु वार्षिक संचालन अनुबंध। | 27.07.2026 25.08.2026 | 62.93 करोड़ जीएसटी समेत | https://etenders.hry.nic.in | 8222023835 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47686/I/88/6 दि. 30.07.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | आरजीटीपीपी कॉलोनी, खेदड़, हिसार में प्रचालन एवं प्रीवेंटिव / रूटीन / ब्रेक डाउन विद्युत वितरण प्रणाली के रखरखाव हेतु वार्षिक रखरखाव अनुबंध। | 29.07.2026 01.09.2026 | 74,66,856/- | https://etenders.hry.nic.in | 8222023574 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47691/I/88/6 दि. 30.07.26

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### रुपया नौ पैसे मजबूत 95.67 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में मजबूती और विदेशी पूंजी के प्रवाह के बीच रुपया बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ नौ पैसे मजबूत होकर 95.67 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। डॉलर में नरमी से भी रुपये को समर्थन मिला। कारण कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से इसकी तेजी सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.59 पर खुला।


## राशिफल


**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


**वृष** — मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मिथुन** — परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।


**कर्क** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


**सिंह** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।


**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।



**धनु** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।


**मकर** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।


**कुंभ** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे।


**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।


## शब्द पहेली - 6303




**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**
1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 6302 का हल**





## कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे बजाने को लेकर हुआ था विवाद

# नेपाल में सांप्रदायिक हिंसा भड़की, छह से ज्यादा शहरों में कर्फ्यू, 3 की मौत

नेपाल के सुनसरी में भड़की सांप्रदायिक हिंसा अब नेपाल के कई शहरों तक फैल चुकी है। पिछले चार दिनों में देश के अलग-अलग हिस्सों में हिंसा, आगजनी, तोड़फोड़, पथराव और पुलिस से झड़प की खबरें हैं। छह से ज्यादा शहरों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। जारी हिंसा में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दर्जनों लोग गोली लगने सहित विभिन्न घटनाओं में घायल हुए हैं।

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल के सुनसरी जिले में रविवार रात कांवर यात्रा के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर शुरू हुआ विवाद दो समुदायों के बीच कहासुनी तक सीमित था, लेकिन अब यह बड़े सांप्रदायिक तनाव में बदल गया है। देखते ही देखते कई शहरों में हिंसा फैल गई और पुलिस को हालात काबू करने के लिए गोली चलानी पड़ी है। हालात ऐसे बन गए हैं कि स्थानीय प्रशासन को इनरवा, जनकपुर, सिरहा, गोलबाजार, लहान सहित कई शहरों में कर्फ्यू लागू करना पड़ा है। सेना को सड़कों से लेकर संवेदनशील इलाकों की निगरानी के लिए हेलिकॉप्टरों के साथ मोर्चा संभालना पड़ा है। घायलों में प्रदर्शनकारी, स्थानीय नागरिक और सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं। कई स्थानों पर सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है व दर्जनों वाहनों और दुकानों में आग लगा दी गई। इस तरह की घटनाओं ने पड़ोसी राज्य में कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### विवाद की वजह

बता दें, प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार देवानगंज में बोलबम यात्रा के दौरान हिंदू श्रद्धालुओं और स्थानीय मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों के बीच डीजे बजाने को लेकर विवाद हुआ था। स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाया गया कि मंदिर की सार्वजनिक भूमि पर मुहर्रम के अवसर पर लगाया गया झंडा हटाने को लेकर पहले से विवाद चल रहा था और कई बार अनुरोध किए जाने के बावजूद झंडा नहीं हटाया गया।

### जनजीवन बुरी तरह प्रभावित

चार दिनों से जारी अशांति ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। बाजार बंद हैं, सार्वजनिक परिवहन प्रभावित है, शैक्षणिक संस्थान बंद किए गए हैं और हजारों लोग भय के माहौल में अपने घरों में रहने को मजबूर हैं। व्यापारिक गतिविधियां भी ठप पड़ गई हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है।

### सुरक्षा एजेंसियों ने चेताया था सरकार को

नेपाल के मधेश और तराई क्षेत्र में बढ़ते सांप्रदायिक तनाव को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने सरकार को तीन साल पहले ही चेतावनी दे दी थी, लेकिन उस पर कोई खास कार्रवाई नहीं हुई। अब सुनसरी और मधेश में हुई हालिया हिंसा के बाद यह रिपोर्ट फिर चर्चा में है।

## गुरु पूर्णिमा पर पतंजलि में 111 कुण्डीय महायज्ञ

# फिल्मी सितारों को नहीं, माता-पिता, दादा-दादी और महापुरुषों को बनाएं रोल मॉडल : रामदेव

*गुरु पूर्णिमा सकारात्मकता और पुरुषार्थ का संवाहक पर्व : आचार्य बालकृष्ण*



हरिद्वार। पतंजलि फेज-दो योग भवन में दिव्य और भव्य तरीके से गुरु पूर्णिमा मनाया गया। इस दौरान पतंजलि योगपीठ पूरी तरह से गुरु-शिष्य परंपरा में डूबा रहा। यज्ञ, हवन से पूरा वातावरण बेहद 'भावमय' हो गया था। आवासीय विद्यालय आचार्यकुलम में आज के पावन पर्व पर वैदिक रीति से 1176 विद्यार्थियों का उपनयन व वेदारंभ संस्कार संपन्न हुआ। वहीं, पतंजलि फेज-दो के योग भवन में 111 कुण्डीय महायज्ञ का दिव्य आयोजन किया गया। जहां स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण से आशीष लेने के लिए हजारों शिष्य मौजूद रहें। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि कुछ मुर्ख गुरु-शिष्य परंपरा को गुरु की गुलामी कहते हैं जबकि खुद वो विलासिता में डूबे हुए हैं। स्वामी रामदेव ने कहा कि नायक और नायिका को अपना आदर्श, रोल मॉडल और आईकन मत मानो, अपने माता-पिता, दादा-दादी, नानी-नानी को रोल मॉडल मानो। वहीं, आचार्य बालकृष्ण ने गुरु-शिष्य परंपरा का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए स्वामी रामदेव से चरण छूकर आशीर्वाद लेकर कहा कि गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व सकारात्मकता व पुरुषार्थ का संवाहक है।

## सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा भारत के खिलाफ रची जा रही नई साजिश

# चीन ने भारतीय सीमा के पास तैनात किए 12 एडवांस जेट

**नई दिल्ली।** कमर्शियल सैटेलाइट तस्वीरों से भारत के खिलाफ चीन के खतरनाक इरादों का पता चला है। सैटेलाइट की तस्वीरों से पता चला है कि चीन ने भारतीय सीमा के पास दो एयरबेस पर अपने कम से कम 12 सबसे एडवांस्ड जे-20 स्टील्थ फाइटर जेट तैनात किए हैं। हाल के वर्षों में लाइन ऑफ़ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के पास पांचवीं पीढ़ी के इन लड़ाकू विमानों की यह अब तक की सबसे बड़ी तैनाती मानी जा रही है। कमर्शियल सैटेलाइट कंपनी 'वैंटोर' द्वारा ली गई इन तस्वीरों में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फ़ोर्स (पीएलएएएफ) को शिनजियांग के होटन एयरबेस और तिब्बत के डैम्सुंग एयरबेस पर इन विमानों को तैनात करते हुए देखा जा सकता है। होटन एयरबेस पर आए नजर : तस्वीरों के मुताबिक 9 जुलाई को होटन एयरबेस पर आठ जे-20 'माइटी ड्रैगन' स्टील्थ फाइटर जेट खड़े देखे गए।

## तीन राज्यों में उपचुनाव संपन्न

# दतिया में सबसे ज्यादा 72 प्रतिशत वोटिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के दतिया, बिहार के बांकीपुर और गुजरात के मंजलपुर में हुए उपचुनाव की वोटिंग खत्म हो गई है। दतिया में सबसे ज्यादा 72% वोटिंग हुई, मंजलपुर में 37.50% वोटिंग हुई और सबसे कम वोटिंग बांकीपुर में 34 प्रतिशत हुई। मतगणना तीन अगस्त को होगी। मध्यप्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर उपचुनाव के तहत बृहस्पतिवार को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया और शाम छह बजे तक करीब 72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी और दतिया के जिलाधिकारी स्वप्निल वानखड़े ने बताया, ''मतदान पूर्णतः शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। 71.40 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

### नितिन नबीन के कारण चर्चित है बांकीपुर

बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में बृहस्पतिवार को शाम पांच बजे तक करीब 33.57 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के इस्तीफे के कारण खाली हुई इस सीट पर हो रहे उपचुनाव में भाजपा, जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर और कांग्रेस समर्थित राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की रेखा गुप्ता के बीच मुकाबला माना जा रहा है। इधर मंजलपुर, गुजरात में 37.50% वोटिंग हुई। मंजलपुर में यह उपचुनाव भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री योगेश पटेल के निधन के बाद हो रहा है। यहां भाजपा के सतीश गोविंदभाई पटेल और कांग्रेस के भिखाभाई रबारी के बीच सीधा मुकाबला है। यहां करीब 2.19 लाख वोटर हैं।

## केरल के गृह मंत्री चेन्निथला ने दी जानकारी

# बाढ़ पुनर्वास परियोजना मामले में सतीशन के खिलाफ सबूत नहीं

**तिरुवनंतपुरम (भाषा)।** केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने बृहस्पतिवार को कहा कि सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (वीएसीबी) को पुनर्जनी बाढ़ पुनर्वास परियोजना को लेकर लगे आरोपों में मौजूदा मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला है और इसकी जांच को बंद करने का फैसला किया गया है। चेन्निथला ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सतर्कता विभाग की जांच में ऐसा कोई सबूत नहीं मिला जिससे सतीश का संबंध विदेश अंशदान (विनियमन) अधिनियम के कथित उल्लंघन या परियोजना में किसी अन्य अनियमितता से जोड़ा जा सके। यह परियोजना सतीशन के परावुर निर्वाचन क्षेत्र में 2018 की बाढ़ से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए शुरू की गई थी। गृहमंत्री ने कहा, "जांच में पाया गया है कि सतीशन किसी भी वित्तीय



लेनदेन में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं थे और न ही जांच में उनके खिलाफ कोई सबूत मिला है।" राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद सतीशन को क्लीन चिट दिए जाने के आरोपों को खारिज करते हुए चेन्निथला ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से सतर्कता जांच के नतीजों और वीएसीबी निदेशक द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। मंत्री ने कहा कि जांच से यह साबित हुआ है कि सतीशन मामला दर्ज करने के समय नेता प्रतिपक्ष थे और उनका इस परियोजना से जुड़े किसी भी वित्तीय लेन-देन से कोई संबंध नहीं था और सभी लेन-देन मनापट्टू फाउंडेशन के खातों के जरिए किए गए थे।

## सबसे कम संपत्ति वाले दूसरे मुख्यमंत्री शुभेंदु

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी देश के



मुख्यमंत्रियों में ऐसे दूसरे मुख्यमंत्री हैं जिनके पास सबसे कम संपत्ति है। उनके द्वारा घोषित संपत्ति 85.87 लाख रुपए है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच द्वारा जारी चुनावी हलफनामों के विश्लेषण में यह जानकारी सामने आई है। इक्कतीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों द्वारा दिए गए स्वघोषित चुनावी हलफनामों के आधार पर किए गए इस विश्लेषण में पाया गया कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के पास सबसे कम संपत्ति है।

## विजय की 'जन नायकन' का प्रदर्शन रोका

**मांड्या (कर्नाटक)।** कर्नाटक के अधिकारों की पैरोकारी करने वाले कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को मांड्या में कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) के उस आदेश के खिलाफ अपना विरोध-प्रदर्शन तेज कर दिया, जिसमें राज्य को तमिलनाडु के लिए 15 दिनों तक कावेरी नदी का 3,500 क्यूसेक (घन फुट प्रति सेकंड) पानी प्रतिदिन छोड़ने का निर्देश दिया गया है। विरोध-प्रदर्शन के चलते तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय की फिल्म 'जन नायकन' का प्रदर्शन 'गुरुश्री सिनेमा' में रोकना पड़ा। कार्यकर्ताओं ने 'गुरुश्री सिनेमा' का घेराव किया, जहां 'जन नायकन' का प्रदर्शन किया जा रहा था। उन्होंने प्रबंधन से बातचीत की और फिल्म का प्रदर्शन रोकने की मांग की।




# नूंह : ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा को 800 जवान, 7 कंपनी बुलाई

*10 डीएसपी और विशेष सुरक्षा बल तैनात, सोशल मीडिया पर भी रहेगी कड़ी निगरानी, 100 कैमरे रखेंगे नजर, इनमें 40 प्राइवेट कैमरामेन, करेंगे यात्रा के दौरान कड़ी निगरानी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नूंह

तीन अगस्त को आयोजित होने वाली ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। नूंह के पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन ने प्रेस वार्ता में बताया कि यात्रा के दौरान जिले में करीब 800 पुलिस जवान, 10 डीएसपी तथा 7 कंपनी बाहर से बुलाई गई हैं। विशेष सुरक्षा कंपनियां तैनात रहेंगी। संवेदनशील स्थानों, प्रमुख मार्गों और मंदिरों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाएगा, जबकि आसमान से लेकर जमीन तक निगरानी की जाएगी। पीस कमेटी की बैठक उपरांत पत्रकारों से बातचीत में एसपी नूँह ने उक्त बातें कहीं। पुलिस अधीक्षक नूँह ने कहा कि यात्रा को लेकर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और प्रशासनिक संगठनों के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ड्रोन टीमों की सहायता से पूरे क्षेत्र का सर्वे किया जा रहा है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि जिले के सभी थाना प्रभारियों और डीएसपी के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यात्रा के दौरान पूरी सतर्कता और सख्ती बरती जाए। डॉ. अर्पित जैन ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। यात्रा से संबंधित भड़काऊ, अपमानजनक या आपत्तिजनक पोस्ट और टिप्पणियों पर पुलिस की नजर है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है।

**भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पिंटू ने कहा कि ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है और स्थानीय लोग उनके स्वागत के लिए तैयार हैं।**



## ड्रोन कैमरा से भी रखी जाएगी निगरानी

पड़ोसी जिलों की पुलिस के साथ भी समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या गलत सूचना को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा के दौरान हुई सांप्रदायिक हिंसा के आरोपियों और संदिग्ध तत्वों पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। थाना स्तर पर सरपंचों, गणमान्य नागरिकों और विभिन्न समुदायों के जिम्मेदार लोगों के साथ संवाद स्थापित किया गया है, ताकि आपसी समन्वय बना रहे और यात्रा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। यात्रा के दौरान निगरानी के लिए 100 सदस्यों की विशेष टीम गठित की गई है, जिसमें 40 कैमरा कर्मी शामिल हैं। यह टीम वीडियो और फोटो रिकॉर्डिंग के माध्यम से गतिविधियों पर नजर रखेगी। तीनों प्रमुख मंदिरों की समितियों के साथ जिला प्रशासन और पुलिस की बैठकें हो चुकी हैं, जिनमें पार्किंग, यातायात, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा कर योजना तैयार की गई है। उपायुक्त अखिल पिलानी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि आगामी 3 अगस्त को सावन के पहले सोमवार को होने जा रही ब्रजमंडल शोभा यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में पीस कमेटी के सदस्यों की बैठक बुलाई है। सभी ने भरोसा दिलाया है की यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी अपनी तरफ से पुरजोर कोशिश करेंगे। भव्य यात्रा निकाली जाएगी। हथियार, लाउड स्पीकर, डीजे इत्यादि पर नजर रखी जाएगी। ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी।

## प्रौद्योगिकी में देरी, तकनीक से वंचित होने के समान : वायुसेना प्रमुख



**नई दिल्ली(भाषा)।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने बृहस्पतिवार को पायलट रहित हवाई प्रणाली और दूसरी जरूरी रक्षा प्रौद्योगिकी बनाने में ज्यादा आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ₹प्रौद्योगिकी में देरी का मतलब है तकनीक न मिलना₹ और ऐसी चीज का कोई फायदा नहीं है जो दूसरों के पास पहले से आ जाने के बाद मिले। यहां एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि ₹हमारे और नागरिक उड्डयन मंत्रालय तथा अन्य संबंधित मंत्रालयों के बीच बातचीत जारी है₹ ताकि ₹हम किसी ड्रोन की पहचान कर सकें कि वह असली ड्रोन है या कोई अवैध (दुश्मन/खतरनाक) ड्रोन₹। वायुसेना प्रमुख ने कहा, ₹हमें ऐसी स्थिति से बचना चाहिए जहां हम अपने ही ड्रोन को मार गिराएं या ऐसी किसी चीज को नष्ट कर दें जो हमारे ही इस्तेमाल के लिए हो।₹ यहां भारतीय रक्षा विनिर्माता सोसाइटी (एसआईडीएम) की ओर से आयोजित कार्यशाला में वायुसेना प्रमुख ने मानव संचालित विमानों और ड्रोन समेत अन्य मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) के एकीकरण पर भी चर्चा की।

# मोबाइल गायब होने से आरोपी को मुकदमे से छूट नहीं मिल सकती

**नई दिल्ली(भाषा)।** दिल्ली की एक अदालत ने बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री फेसबुक पर अपलोड करने के आरोपी व्यक्ति के खिलाफ आरोप तय करने के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने कहा कि अपराध में इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन की बरामदगी नहीं होना, अभियोजन को रोकने का आधार नहीं हो सकता, जब डिजिटल साक्ष्य आरोपी को उस खाते से जोड़ते हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरगुरविंदर सिंह जग्गी आरोपी आदित्य बिस्वास की ओर से दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। बिस्वास ने निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसके खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67बी के तहत आरोप तय करने का निर्देश दिया गया था। यह धारा बच्चों से जुड़ी यौन रूप से स्पष्ट सामग्री को प्रकाशित करने या प्रसारित करने से संबंधित है। अदालत ने 27 जुलाई के अपने आदेश में कहा, "आरोप तय करने के लिए मोबाइल फोन की भौतिक बरामदगी अनिवार्य शर्त नहीं है, जब डिजिटल साक्ष्य, खासकर आईपी लॉग और सब्सक्राइबर डेटा, आरोपी के नियंत्रण वाले सोशल मीडिया खाते से सामग्री प्रसारित किए जाने को स्पष्ट रूप से जोड़ते हैं।'


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम मानेसर | एम.सी. मानसेर के तहत वार्ड 12 के विभिन्न स्थानों पर 06 अदद आरसीसी जल संग्रण टैंकों का निर्माण + 4 कार्य। | 29.07.2026 05.08.2026 | 1,00,21,514/- | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 eeth2-manesar@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47688/I/88/6 दि. 30.07.26



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

मु.न. 241 दिनांक 27.07.2026 धारा 140(3) बी.एन.एस. थाना शहर गोहाना जिला सोनीपत ।

गुमशुदा की पहचान



नाम-निशा।
पिता का नाम-मदन ।
पता-वासी कबीर बस्ती गोहाना जिला सोनीपत ।
उम्र -15 वर्ष ।
कद -4 फुट 5 इंच ।
हुलिया:- रंग गेहुंआ, पतला शरीर, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें ।
पहनावा आसमानी रंग की टी-शर्ट, काले रंग की लोवर व पैरो मे हवाई चप्पल पहने है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 27.07.2026 को निशा पुत्री मदन वासी कबीर बस्ती गोहाना जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी है अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो० न0-7419410544
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 7419410564
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त ।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/5113/2027/47667/88/6 दि. 30.072026



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 297 दिनांक 28.07.26 धारा 140 (3) BNSS शिवाजी कालोनी थाना जिला रोहतक।

गुमशुदा की पहचान बारे



नाम सुनील
पिता/पति का नाम – पुर्णमासी
पता- निवासी काठ मण्डी जिला रोहतक
उम्र- 26 वर्ष
कद- 5 फुट 9 इंच
हुलिया- हष्ट- पुष्ट शरीर, गोल चेहरा, रंग सावला

निवेदन है कि दि0 28.07.26 मुदई मु० हजी नीरज पुत्र पुर्णमासी निवासी काठ मण्डी रोहतक उपरोक्त ने हाजिर थाना आकर एक दरखास्त बाबत अपने भाई सुनील के अपहरण बारे पेश की गई अभियोग पंजीकृत हुआ है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक – 70829994119,9467508332
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 01262-247894

पीआरडीएच-1084/11/5115/2027/47679/88/6 दि. 30.072026



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/754

मनकि चरण सिंह पुत्र हट्ठी सिंह पुत्र पृथी, निवासी गांव काजीपुर, दक्षिणी पश्चिमी, दिल्ली, दिल्ली–110073 एवं बिस्वेदार गांव लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2021–22 व इंतकाल न0 1683, 1685, 1702, 1703, 1727 तबादला, के अनुसार अराजी खेवट न0 31/21, खाता न0 36, मु0 न0 19, किला न0 16(9–7), 25(8–0) मु0 न0 27, किला न0 11(7–12), 12(8–0), 13(8–0), 14/1(5–2), 16(7–7), 17(7–10), 18(8–0), 19(8–0), 20(7–12), 21(7–12), 22(8–0), 23(8–0), 24(8–0), 25(7–12), मु0 न0 28, किला न0 11(9–5), 20(7–8), 21/1(0–14), मु0 न0 31, किला न0 11/1/1(1–2), मु0 न0 32, किला न0 1(8–0), 2(8–0), 3(8–0), 4(8–0), 5(8–0), 6(8–0), 7(8–0), 14/1/1(4–9), 15/1/1(3–0), किते 29, तादादी रकबा 205 कनाल 12 मरले का 1933493/17027792 भाग, बकदर 23 कनाल 6.91 मरले व खेवट न0 32/22, खाता न0 37, मु0 न0 19, किला न0 24/2(4–4), मु0 न0 26, किला न0 3/2 (3–0), 4(8–0), 5(8–0), 6(8–0), 7(7–5), 8(8–0), 14/2(4–6), 15(8–0), 16(6–17), 17(3–8), किते 11, तादादी रकबा 69 कनाल 0 मरला का 55/552 भाग, बकदर 6 कनाल 17.5 मरले व खेवट न0 101/86/7मिन, खाता न0 110, मु0 न0 18, किला न0 23/1 (1–6), मु0 न0 26, किला न0 22/1(4–16), मु0 न0 27, किला न0 2/2/2(2–0), 3(7–15), 4/1/2(0–7), 7(8–0), 8/1(6–6) किते 7, तादादी रकबा 30 कनाल 10 मरले का 11259/61000 भाग, बकदर 5 कनाल 12.59 मरले व खेवट न0 244मिन/102मिन आदि, खाता न0 286मिन, मु0 न0 26, किला न0 11(6–14) किता 1, तादादी रकबा 6 कनाल 14 मरले सालम भाग, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 42 कनाल 11 मरले (5.31875 एकड़) वाका रकबा मौजा लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 26, किला न0 11(6–14), 14/2(4–6), मु0 न0 27, किला न0 11(7–12), 12(8–0), 19 मिन उत्तर (2–13), 2/2/2(2–0), 3 मिन पश्चिम (1–18), 8/1 मिन पश्चिम (1–16), 20(7–12), किते 9, तादादी रकबा 42 कनाल 11 मरले (5.31875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 30.07.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरुग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


# कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकियों की जमीन कुर्क

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने आतंकवाद से जुड़े एक मामले की जांच के तहत रियासी जिले में लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकियों की अचल संपत्तियां बृहस्पतिवार को कुर्क की। अधिकारियों के अनुसार, ये सभी आरोपी कई वर्ष पहले हथियार और गोला-बारूद चलाने का प्रशिक्षण लेने के लिए पाकिस्तान भाग गए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ₹ये सभी अब पाकिस्तान में रहकर लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहे हैं और जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हथियार, गोला-बारूद और धन उपलब्ध करा रहे हैं। कुर्की की कार्रवाई महोर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) पारुल भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस दल ने कार्यपालक मजिस्ट्रेट और स्थानीय गवाहों की मौजूदगी में की। उन्होंने बताया कि जिन संपत्तियों को कुर्क किया गया है, उनमें अलाफ दीन की सात कनाल भूमि, गुलाम मोहम्मद उर्फ गामा की 10 कनाल 11 मरला भूमि, मोहम्मद अशरफ की 17 मरला भूमि, शबीर अहमद की सात कनाल तीन मरला भूमि तथा बहार दीन की आठ कनाल एक मरला भूमि शामिल है। जांच में यह भी पाया गया कि कुर्क की गई इन संपत्तियों को हस्तांतरित किए जाने की आशंका थी। इनसे मिलने वाली धनराशि का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों में होना था।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक के विभिन्न कार्यालयों में रखे हुए कम्प्यूटर्स, प्रिंटर्स और अन्य उपकरण की मदों से सम्बन्धित खरीद और रखरखाव, मरम्मत के लिए दर अनुबंध के सम्बन्ध में। | 29.07.2026 05.08.2026 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | सोनीपत रोड, एम.सी. रोहतक में हुडा पार्क से शिवालिक प्रोपर्टीज निकट ताऊ नगर, गली नं. 18 तक ग्रीन बेल्ट का निर्माण + 1 कार्य। | 29.07.2026 10.08.2026 | 167.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक के अधिकार-क्षेत्र के लिए 04 सीटर 06 सीटर 10 सीटर के चलायमान शौचालय की खरीद के लिए आकलन। | 29.07.2026 05.08.2026 | 31.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 5, एम.सी. रोहतक में कबीर पार्क में कमरे और लाइब्रेरी चेयर तथा रैक और विविध सिविल कार्य शौचालय का निर्माण। | 29.07.2026 05.08.2026 | 11.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/80/47687/I/88/6 दि. 30.07.26


**स्टेम सेल 'थेरेपी' से एएसडी का उपचार**

## कोर्ट ने केंद्र को विस्तृत रिपोर्ट के लिए चार सप्ताह का समय दिया

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) के लिए स्टेम सेल 'थेरेपी' से जुड़े मामले में विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार को चार सप्ताह का समय दिया। इस रिपोर्ट में खास तौर पर यह बताना होगा कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) के लिए स्टेम सेल 'थेरेपी' से जुड़े मामले में शीर्ष अदालत के निर्देशों को सरकार किस तरह लागू करने का इरादा रखती है। शीर्ष अदालत ने 30 जनवरी के एक फैसले में कहा था कि चिकित्सा विशेषज्ञ एएसडी के लिए किसी स्वीकृत और निगरानी वाले क्लीनिकल ट्रायल या शोध व्यवस्था के बाहर स्टेम सेल उपचार को 'क्लिनिकल सर्विस' के तौर पर उपलब्ध नहीं करा सकते। अदालत ने यह भी कहा था कि किसी स्वीकृत क्लीनिकल ट्रायल के बाहर मरीजों पर स्टेम सेल का कोई भी उपयोग "अनैतिक" है और इसे "कदाचार" माना जाना चाहिए। देशभर के कई क्लीनिक द्वारा स्टेम सेल 'थेरेपी' के व्यापक प्रचार, मरीज के पर्चे पर लिखे जाने और एएसडी के उपचार के नाम पर मरीजों को स्टेम सेल थेरेपी दिए जाने को लेकर गंभीर चिंताएं उठाए जाने संबंधी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत का यह फैसला आया था।

## रियर एडमिरल मद्दुला ने नौसेना के पश्चिमी बेड़े की कमान संभाली

**मुंबई(भाषा)।** रियर एडमिरल श्रीनिवास मद्दुला ने मुंबई में भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े की कमान संभाल ली है। नौसेना के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उन्होंने 27 जुलाई को वाइस एडमिरल विवेक दहिया से नौसेना के पश्चिमी कमान के बेड़े का कार्यभार संभाला। इसका मुख्यालय मुंबई में है। बयान में कहा गया कि एक जनवरी 1994 को नौसेना में शामिल हुए फ्लैग ऑफिसर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़गवासला (पुणे), यूनाइटेड स्टेट्स मरीन कॉर्प्स कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, वर्जीनिया और नेवल वॉर कॉलेज, गोवा के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने नौसेना में कई महत्वपूर्ण समुद्री और तटीय दायित्वों का निर्वहन किया है।


**राजकीय बहुतकनीकी, सोनीपत**
राठधना रोड, सोनीपत, हरियाणा-131001.
सम्पर्क नं. : 0130-2246757
ई-मेल : gpsonipat@hry.nic.in

**विजिटिंग फैकल्टी हेतु विज्ञापन**

राजकीय बहुतकनीकी, सोनीपत में पर्यावरणीय इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, इंस्ट्रयूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग और वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर्स के संकाय / विभाग में विजिटिंग फैकल्टी (पूर्णतया घंटों के आधार पर) का पैनल तैयार करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

न्यूनतम योग्यताएं निदेशालय, तकनीकी शिक्षा हरियाणा के नियमों के अनुरूप हैं (वेबसाइट : https://gpsonipat.ac.in/ पर भी उपलब्ध). यह पूर्णतया लैक्चर के लिए रु. 600/- प्रति घंटा और लैब/वर्कशॉप के लिए 300/- प्रति घंटा (विजिटिंग लैक्चरर के लिए अधिकतम मासिक सीलिंग सीमा रु. 40,890/- और लैब/वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर के लिए रु. 20426/-) है, जो हरियाणा राज्य विजिटिंग फैकल्टी नॉर्म्स के अनुरूप विषम सैमेस्टर की समाप्ति तक है। आवेदन प्रपत्र जमा करवाने के लिए अन्तिम तिथि (ई-मेल के माध्यम से /व्यक्तिगत रूप से केवल) 07.08.2026 अप. 11:59 बजे तक है।

**साक्षात्कार की अस्थायी तिथि 13.08.2026 संस्थान में होगी।**

**किसी पूछताछ के लिए, उम्मीदवार सम्पर्क कर सकते हैं :** 0130-2246757, **ई-मेल : gpsonipat@hry.nic.in**

टिप्पणी : यदि कोई संशोधन / शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, इसके बाद इसको किसी समाचार-पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा, बल्कि इसको संस्थान की अधिकारिक वेबसाइट https://gpsonipat.ac.in/ पर अपलोड किया जाएगा।

हस्ता/- प्राचार्य

पीआरडीएच-1115/11/581/2027/47695/88/6 दि. 30.07.26



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र में लाडवा में लोनिवि विश्राम गृह के कार्य के लिए निर्माण। | 28.07.2026 11.08.2026 | 478.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में चत्तरगढ़ पट्टी फाटक (एलएचएस) के निकट आंतरिक शहरी भाग रोड (पुराना एनएच-10) पर स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने के लिए एम.सी. सिरसा द्वारा क्षतिग्रस्त रोड के पुनरोद्वार हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना)। | 29.07.2026 05.08.2026 | 20.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 3 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव फखरपुर, पटौदी में महेन्द्र सरपंच के मकान से अनुज के मकान तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 10.07.2026 12.08.2026 | 23.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 4 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव दौलताबाद, पटौदी, गुरूग्राम में गांव से तालाब तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 10.07.2026 12.08.2026 | 24.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 5 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव भोकरका, पटौदी में शिव अमृत सरोवर का पुनरोद्धार और तटबंध की सुरक्षा। | 15.07.2026 12.08.2026 | 56.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 6 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव मेहनियावास, पटौदी, गुरूग्राम में शेरशाह सूरी मार्ग पर तालाब का पुनरोद्धार और तटबंध की सुरक्षा। | 10.07.2026 12.08.2026 | 24.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव रोड से हुकुमचंद के मकान से त्रिवेणी तालाब गांव भोकरका तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 10.07.2026 12.08.2026 | 23.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 8 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव सिवाडी, फरूखनगर में राकेश के मकान से तालाब तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 13.07.2026 12.08.2026 | 45.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव डाबोदा, फरूखनगर में गांव से तालाब तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 13.07.2026 12.08.2026 | 42.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव मेहचाना, फरूखनगर, गुरूग्राम में माइनर से पचबीर वाला तालब तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 13.07.2026 12.08.2026 | 33.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 11 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव मोजाबाद, पटौदी, गुरूग्राम में माइनर से तालाब तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 10.07.2026 12.08.2026 | 23.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव पहाड़ी, पटौदी में पंकपीरा वाला तालाब का पुनरोद्धार और पिचिंग, तटबंध की सुरक्षा। | 15.07.2026 10.08.2026 | 57.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 13 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव इंछापुरी, पटौदी में रेलवे स्टेशन के निकट तालाब का पुनरोद्धार और तटबंध की सुरक्षा। | 15.07.2026 10.08.2026 | 33.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 14 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव इंचापुरी, पटौदी में राजकीय विद्यालय के निकट तालाब के तटबंध की सुरक्षा। | 15.07.2026 10.08.2026 | 25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 15 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव जोनियावास, फरूखनगर में सत्ते के मकान से पंचायत भूमि तालाब तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 13.07.2026 10.08.2026 | 34.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 16 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव गुगाना, फरूखनगर में रमन बाबा तालाब का पुनरोद्धार और पिचिंग, तटबंध की सुरक्षा। | 13.07.2026 12.08.2026 | 60.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव कोट, ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में टो वॉल्स और आईपीबी सहित गलियों की पेवमेंट, वीएएनजीवाई + 1 कार्य। | 20.07.2026 06.08.2026 | 33.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी - गांव मिल्क, ब्लॉक नारायणगढ़ में भगवान परशुराम सेवा दल में हॉल का निर्माण। | 28.07.2026 03.08.2026 | 10.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 19 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (पीएमएमए इंट्राऑक्युलर लैंस (6 एमएम) 19.50, 20.50, 21.50, 22, 22.50, ब्लेड 2.8, इंज. माइटोमाइसिन 20 एमजी इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 03.08.2026 10.08.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 20 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (टैब. लैक्टिक एसिड बेसिल्लस 1.2 बिलियन स्पोर्स, टैब. नेफेडेपिन 10 एमजी, टैब. कैबरगोलिन 0.5 एमजी, आर्गिनाइन सैशे 5 जीएम इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 04.08.2026 11.08.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 21 | बीपीएस जीएमसी फॉर विमन खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत में हीटिंग, वेंटीलेशन और एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) सेवाओं हेतु व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के साथ-साथ विशेष मरम्मत (जैसा है जहां है)। | 29.07.2026 17.08.2026 | ईएमडी 6.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 22 | राजकीय महिला पी.जी. कॉलेज, सेक्टर-14, पंचकूला | राजकीय महिला पी.जी. कॉलेज, सेक्टर-14, पंचकूला, हरियाणा-134109 में कैंटीन सेवाओं के प्रावधान हेतु निविदा। | बंद होने की तिथि 14.08.2026 | ईएमडी 5000 | http://gcw14pkl.ac.in/ | 9878102333 gcgpanchkula@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/440/47710/I/88/6 दि. 30.07.26

केंद्र सरकार पर किए गए समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया

### सीजेपी की एफआईआर को लेकर दोबारा आंदोलन की चेतावनी

# जंतर-मंतर पर एकबार फिर बढ़ी हलचल बैरिकेड्स हुए पक्के, आरएएफ भी तैनात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक बार फिर हलचल बढ़ गई है। जंतर-मंतर पर बैरिकेड्स वेल्ड किए गए हैं। रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) तैनात कर गई है। कुल मिलाकर दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर पर एक सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए हैं। यह सब सीजेपी यानी कॉकरोच जनता पार्टी की नई चेतावनी के मद्देनजर है।

सीजेपी ने चेतावनी दी है कि अगर प्रदर्शनकारियों के ख़िलाफ़ दर्ज सभी एफआई तुरंत वापस नहीं ली गईं, तो वे अपना विरोध प्रदर्शन फिर से शुरू कर देंगे। दरअसल, अधिकारियों ने प्रदर्शन स्थल पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए हैं। बैरिकेड्स को और



मजबूत कर दिया है। जंतर-मंतर पर जहां सीजेपी ने प्रदर्शन किया था, वहां दोनों तरफ के बैरिकेड्स को लोहे से वेल्ड करके जोड़ दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरएएफ यानी रैपिड एक्शन फ़ोर्स (आरएएफ) की एक कंपनी और पुलिसकर्मी भी चौबीसों घंटे वहां तैनात हैं।

### दिल्ली पुलिस ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने पर रोक लगाए जाने के दावे को खारिज किया

दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर किए जा रहे इन दावों को बृहस्पतिवार को झूठ और भ्रामक बताया कि जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी गई है। पुलिस ने कहा कि यह जगह अब भी अनुमति लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों के लिए उपलब्ध है। पुलिस ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैल रही यह अफवाह पूरी तरह बेबुनियाद और तथ्यहीन है कि अब जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं है। पुलिस ने कहा कि जंतर-मंतर अब भी शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के लिए अधिकृत स्थान है। यहां उच्चतम न्यायालय के निर्देशों और अदालती आदेश के अनुरूप दिल्ली पुलिस द्वारा जारी एसओपी के अनुसार प्रदर्शन किए जा सकते हैं।

### 2020 के दंगा मामले में कार्रवाई

# सुको ने पंजाब के मुख्यमंत्री और 'आप' नेताओं से जवाब मांगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को 2020 के दंगा मामले को रद्द किए जाने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ चंडीगढ़ प्रशासन की याचिका पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी (आप) के अन्य नेताओं से जवाब मांगा। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने मुख्यमंत्री मान के साथ-साथ आम आदमी पार्टी के नेताओं हरपाल सिंह चीमा, गुरमीत सिंह, मीत हेयर, बलजिंदर कौर, अमन अरोड़ा और अन्य को नोटिस जारी किए। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू ने पीठ से कहा कि यह गैरकानूनी जमावड़े का मामला था और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बल का प्रयोग करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप संज्ञेय अपराध हुआ। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद उच्च न्यायालय ने "पूरी तरह त्रुटिपूर्ण आदेश" पारित करते हुए मामले को रद्द कर दिया। राजू की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने मान और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।



# पंजाब में विपक्ष का 'प्रश्नपत्र लीक' को लेकर विरोध तेज

**चंडीगढ़।** पंजाब के विपक्षी दलों ने हाल में फार्मेसी अधिकारी भर्ती परीक्षा में नकल गिरोह का भंडाफोड़ होने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर अपने हमले तेज कर दिये हैं। उनका आरोप है कि पिछले साढ़े चार साल में कई बार विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए हैं।

मुख्यमंत्री भगवंत मान, हालांकि अपने इस दावे पर अड़े हुए हैं कि आप के कार्यकाल के दौरान राज्य में एक भी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक नहीं हुआ। आप ने भी दावा किया है कि कांग्रेस, शिअद और भाजपा लोगों को गुमराह करने के लिए एक झूठी कहानी गढ़ने की कोशिश कर रही हैं, क्योंकि उनके पास मान सरकार के खिलाफ कोई और मुद्दा नहीं है। पंजाब में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और सियासी दलों के आरोप-प्रत्यारोप का दौर 19 जुलाई को फार्मेसी अधिकारियों की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा में नकल गिरोह के भंडाफोड़ के बाद शुरू हुआ।




### आप सरकार का आरोपों से इनकार

### मानसून सत्र: हंगामे के कारण लगातार आठवें दिन नहीं चल सका प्रश्नकाल

# संसद में छात्रों के खिलाफ कार्रवाई और राम मंदिर में चढ़ावा चोरी पर विपक्ष का हंगामा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में मानसून सत्र के दौरान छात्रों के खिलाफ कार्रवाई और राम मंदिर में चढ़ावा चोरी पर विपक्ष ने गुरुवार को जमकर हंगामा किया। लोकसभा में बृहस्पतिवार को विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस समेत विपक्षी सदस्यों के शोरगुल के कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे फिर से शुरू होने पर पीठासीन सभापति संध्या राय ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इस बीच, विपक्षी सदस्य आसन के करीब आ गए। उनके हाथों में तख्तियां थीं और वे 'अमित शाह जवाब दो' नारे लगा रहे थे। पीठासीन सभापति ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से अपने-अपने स्थान पर लौटने का अनुरोध किया, लेकिन शोरगुल नहीं थमने पर उन्होंने दो बजकर दो मिनट पर सदन की कार्यवाही अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस समेत विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल लगातार आठवें दिन नहीं चल सका और कार्यवाही शुरू होने के कुछ मिनट के भीतर दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने 23वें राष्ट्रमंडल खेलों में खिलाड़ियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्हें बधाई दी।



### टीएमसी बागी सांसदों के पोस्टर लेकर संसद पहुंचे कल्याण बनर्जी

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पार्टी के 20 बागी सांसदों के पोस्टर गले में लटकाकर संसद भवन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रियंका गांधी समेत कई विपक्षी सांसदों से बातचीत की। प्रियंका गांधी ने पोस्टर की ओर इशारा करते हुए पूछा कि क्या पीछे भी यही है, जिस पर कल्याण बनर्जी ने हां में जवाब दिया। प्रियंका से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने पहला चुनाव कांग्रेस से ही लड़ा था।

### ई20 पेट्रोल ईंधन की खपत को दो से छह प्रतिशत तक घटा सकता है

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को संसद को बताया कि 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) वाहनों में ईंधन की खपत को 2 से 6 प्रतिशत तक घटा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने तर्क दिया कि 'डायनमोमीटर' पर इंजन की मजबूती की जांच और सड़क पर वाहन के परीक्षणों में ई20 के कारण कोई समस्या देखने को नहीं मिली है। ई10 ईंधन की तुलना में ई20 ईंधन के उपयोग से बेहतर 'एक्सेलरेशन' होता है, परिवहन बेहतर व सुगम होता है तथा लगभग 30 प्रतिशत कम कार्बन उत्सर्जन होता है। बीएस3, बीएस4 और बीएस6 ई10 (पेट्रोल) वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों पर ई20 के असर का पता लगाने के लिए ऑटोमोटिव रिसर्च एसो ऑफ इंडिया, सियाम और आईओसीएल ने संयुक्त रूप से एक अध्ययन किया।



### कुलपतियों-शिक्षाविदों ने प्रियंका को चिट्ठी लिखी



कामकोटि पर दिया था गलत बयान, मतभेद हों, लेकिन मजाक न उड़ाएं

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा को दो सौ से अधिक शिक्षाविदों ने एक खुला पत्र लिखकर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के निदेशक वी. कामकोटि को निशाना बनाते हुए की गई उनकी 'गौ मूत्र विशेषज्ञ' वाली टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले 215 शिक्षाविदों के अनुसार किसी मुद्दे पर तर्कपूर्ण संवाद की जगह उपहास को नहीं अपनाया जा सकता। हस्ताक्षर करने वालों में कुलपति और पूर्व कुलपति भी शामिल हैं। पत्र में कहा गया, "आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि को 'गौमूत्र विशेषज्ञ' बताए जाने संबंधी आपकी कथित टिप्पणी पर निराशा व्यक्त करने के लिए हम यह पत्र लिख रहे हैं। चाहे यह व्यंग्य के रूप में की गई हो या राजनीतिक बयानबाजी के तौर पर, इस तरह का वर्णन चिंताएं पैदा करता है। प्रोफेसर कामकोटि भारत के प्रमुख वैज्ञानिक और तकनीकी संस्थानों में से एक के प्रमुख हैं।

### विमान हादसे की मूल वजह का पता लगाएंगे: मोहोल

सरकार ने बृहस्पतिवार को संसद को बताया कि पिछले साल हुए एअर इंडिया विमान हादसे की जांच कर रहा वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) हादसे के मूल कारण और इसके लिए जिम्मेदार परिस्थितियों का पता लगाने के वास्ते सभी पहलुओं पर गौर कर रहा है। गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद 12 जून 2025 को एअर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 260 लोगों की मौत हो गई थी। यह 'ड्रीमलाइनर' विमान अहमदाबाद से लंदन स्थित गैटविक जा रहा था। नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि हादसे की एएआईबी द्वारा जांच जारी है। एएआईबी ने 12 जुलाई 2025 को दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी और इस साल 12 जून को जांच पर अंतरिम बयान जारी किया था।

# पंजाब कांग्रेस में नहीं थम रही गुटबाजी

**चंडीगढ़।** पंजाब में करीब 7 महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में गुटबाजी थम नहीं रही है। फिरोजपुर से सांसद शेर सिंह घुबाया ने कहा कि राजा वड़िंग सही काम नहीं कर रहे हैं। उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। पंजाब के लोग राजा वड़िंग से नाराज हैं। उनका कहना है कि राजा वड़िंग ने कहा कि नए लोगों को टिकट देना है। जिसकी वजह से लोगों में नाराजगी है। पार्टी से ऊपर कोई नहीं है। वड़िंग ने आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ नहीं कहा। कांग्रेस नेता कुलदीप सिंह वैद का कहना है कि घुबाया पद से इस्तीफा दें। प्रधान का इस्तीफा मांगना अनुशासनहीनता है। सूत्रों के मुताबिक इसको लेकर कल दिल्ली में एक अहम बैठक हुई। जिसमें प्रधान राजा वड़िंग, पूर्व सीएम चन्नी और सांसद रंधावा मौजूद थे। यह बैठक कांग्रेस हाईकमान के कलह खत्म करने के लिए नियुक्त किए डिजाइनबॉक्स्ड कंपनी के नरेश अरोड़ा ने कराई थी। सूत्रों के मुताबिक मीटिंग में राजा वड़िंग ने दोटूक कह दिया कि मैं इस्तीफा देने के लिए तैयार हूं लेकिन सब मेरे साथ हाईकमान के पास चलो। चन्नी ने कहा कि उन्हें किसी व्यक्ति विशेष से कोई एतराज नहीं है। यह मामला किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि पंजाब में लोगों की राय व पार्टी के फ्यूचर का है।



■ सांसद घुबाया बोले- वड़िंग प्रधान इस्तीफा दें, लोग उनसे नाराज


सत्यमेव जयते
भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

**सार्वजनिक सूचना**

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार – 2026**

**आवेदन/नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में**

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन/नामांकन 15 मई, 2026 से आमंत्रित किए गए थे तथा आवेदन/नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई थी।

2. सभी इच्छुक व्यक्तियों, संस्थाओं एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **(Rashtriya Puraskar Portal)** पर ऑनलाइन आवेदन/नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 15 अगस्त, 2026 कर दी गई है।
3. सभी संबंधितों से अनुरोध है कि आवेदन / नामांकन केवल ऑनलाइन माध्यम से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **https://awards.gov.in** पर ही प्रस्तुत करें। डाक, कूरियर, ई-मेल अथवा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन/नामांकन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
4. पुरस्कारों से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता मानदंड तथा अन्य आवश्यक जानकारी निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है:

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभागः**
**https://depwd.gov.in**
**राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टलः**
**https://awards.gov.in**

CSC 38117/11/0006(2627


### श्रावण मास का पहला दिन, मंदिरों में लगे बम-बम भोले के जयकारे

# काशी विश्वनाथ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





**वाराणसी (उप्र)(भाषा)।** श्रावण मास के पहले दिन बृहस्पतिवार को वाराणसी स्थित बाबा श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं की खासी संख्या को देखते हुए काशी विश्वनाथ धाम में पूरी व्यवस्था की गई है। मिश्रा ने बताया कि सावन का महीना आते ही काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ता है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा कार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

**निविदा संख्या : NR-Pr-UMB-RC-25226-A**

**कार्य का नाम:-** "09 संख्या रेल क्रेनों की मरम्मत एवं फिटमेंट, 02 वर्ष के वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (AMC) सहित, जिसमें विद्यमान BFR से रेल क्रेन को खोलने तथा POH/ROH के उपरांत उसी प्रकार के BFR पर पुनः स्थापित करने (माउंट-री) का प्रावधान शामिल है।"

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज़ की लागत (रु.) |
|---|---|---|---|
| Rs. 2,37, 55,368.61 | Rs. 4,75,100.00 | 24 | Nil |
| **निविदा बंद की तिथि** | **निविदा खुलने की तिथि** | **प्रीबिड कांफ्रेंस** | |
| 25.08.2026 at 15:00 hrs. | 25.08.2026 at 15:30 hrs. | नहीं | |

**कार्य की समान प्रकृतिः ओईएम (OEM) या** 05 टन क्षमता या उससे अधिक के वैगन- माउंटेड रेल क्रेनों के अनुसूचित अनुरक्षण/मरम्मत/पुनर्संधारण (Reconditioning) अनुबंध को रेलवे अथवा केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (PSU) में निष्पादित करने का अनुभव रखने वाले OEM के अधिकृत डीलर।" **या** "रेलवे अथवा केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (PSU) में 05 टन क्षमता या उससे अधिक के वैगन-माउंटेड रेल क्रेनों के अनुसूचित अनुरक्षण/मरम्मत/पुनर्संधारण (Reconditioning) अनुबंध को संतोषजनक रूप से निष्पादित करने का अनुभव।" निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आईआरईपीएस) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी। **नोटः-** तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती हैं।

**सं.: NR/Proj/UMB/RC/Advt./02 दिनांक: 30.07.2026** **2633/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मेटा को सरकार ने फिर भेजा नोटिस

पूछा 'कैसे डिलीट हुआ प्रधानमंत्री मोदी का वीडियो, आकर समझाओ'

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के नीट पेपर विवाद पर बनाए वीडियो को फेसबुक से हटाए जाने पर केंद्र सरकार सख्त हो गई है। तकनीकी खराबी और माफी के बावजूद, इलेक्ट्रॉनिक्स-आईटी मंत्रालय ने मेटा के शीर्ष अधिकारियों को दोबारा नोटिस भेजकर तलब किया है और पूछा है कि यह गलती कैसे हुई। इसको लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने जानकारी देते हुए कहा कि हमने मेटा के शीर्ष अधिकारियों को आकर यह समझाने को कहा है कि आखिर यह सब कैसे और क्यों हुआ। लेकिन, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि किन-किन अधिकारियों को तलब किया गया है। पहले मेटा ने सरकार से माफी मांगते हुए कहा है कि यह कदम अनजाने में उठाया गया था. कंपनी के स्पोकपर्सन के अनुसार, वीडियो गलती से हट गया था जिसे बाद में रीस्टोर कर दिया गया। सचिव एस. कृष्णन ने यह भी बताया कि मेटा ने भारतीय अधिकारियों को भरोसा दिलाया है कि उसने वीवीआईपी और बड़ी हस्तियों के अकाउंट के लिए नए सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए हैं।


**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार**

**सूचना**

यह आम जनता की जानकारी के लिए है कि प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) पर 01.04.2026 से प्रारम्भहो चुकी है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति, तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि का प्रदर्शन किया है।

5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा (31 जुलाई, 2026 तक), जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, पुरस्कार के लिए पात्र है। किसी भी नागरिक से खुले नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। पुरस्कारों के लिए स्व-नामांकन और सिफ़ारिशों, दोनों पर विचार किया जाएगा।

ऑनलाइन नॉमिनेशन जमा करने की अंतिम तिथि, जो पूर्व में 31.07.2026 नियत की गई थी, उसे बढ़ाकर 15.08.2026 कर दी गयी है। अधिक जानकारी के लिए कृपया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in पर जाएं।

**हस्ता/-अखिलेश कुमार सिंह**
**AKHILESH KUMAR SINGH**
**अवर सचिव / Under Secretary**
**Ministry of Women & Child Development**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार / Govemment of india**
**शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001**
**Shastri Bhawan, New Delhi-110001**

**CBC-46101/11/0012/2627**



**भारत सरकार**
**जनजातीय कार्य मंत्रालय**

**ओडिशा और झारखंड राज्य में जनजातीय युवाओं के प्लेसमेंट लिंक्ड कौशल के लिए पायलट प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन हेतु प्रस्तावों के लिए आग्रह**

**आरएफपी. नं. : 11/02/2026-आजीविका-भाग (1) (34478)** **जारी होने की तिथि : 31 जुलाई 2026**

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, अनुभवी संगठन जो प्लेसमेंट-लिंक्ड कौशल विकास कार्यक्रमों और क्रियान्वित कर चुके हैं और देश के ग्रामीण क्षेत्रों से सम्बन्धित कम से कम 1000 प्रशिक्षित उम्मीदवारों का प्रमाणित प्लेसमेंट हासिल कर चुके हैं, से आवेदन आमंत्रित करता है। जनजातीय कार्य मंत्रालय ओडिशा और झारखण्ड राज्य में पायलट प्रोजेक्ट लागू करने का इच्छुक है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रत्येक राज्य के लिए लक्ष्य 1000 अनुसूचित जनजाति (एसटी) युवा (झारखण्ड और ओडिशा प्रत्येक राज्य के लिए 500 उम्मीदवार) का है।

**प्रशिक्षण की प्रकृति :-** जनजातीय युवाओं का आवासीय प्रशिक्षण

**प्राथमिकता दिये गये ट्रेड्स / सेक्टर्स और कोर्सेज :** ऑटोमोटिव, एरोस्पेस एवं एविएशन, अपेरल, कैपिटल गुड्स, पर्यटन एवं आतिथ्य, इलैक्ट्रोनिक्स, सेमी-कंडक्टर, हैल्थकेयर, माइनिंग और एनसीवीईटी अनुमोदित कोर्स केवल।

**प्रशिक्षण की अधिमानत :** अवधि समेत ऑन जॉब ट्रेनिंग : तीन माह से छह माह

कुशल उम्मीदवारों का परिणाम उपलब्धि अर्थात कुशल उम्मीदवारों का 70% प्लेसमेंट आवश्यक है, प्रोजैक्ट लागत की यथानुपात कमी की जाएगी यदि प्लेसमेंट उपलब्धि कुशल उम्मीदवारों के 70% से कम है।

| मुख्य तिथियां और प्रस्तुतीकरण | |
|---|---|
| प्रस्ताव जमा करवाने हेतु पता | कमरा नं. 13074, तृतीय तल, कर्तव्य भवन-I, नई दिल्ली-110001 |
| प्रस्ताव जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि | 21 अगस्त 2026, 17:00 बजे आईएसटी तक |
| पूर्व-प्रस्ताव बैठक | 11 अगस्त 2026, कर्तव्य भवन-I, नई दिल्ली में (हाइब्रिड मोड) |
| विस्तृत आरएफपी दस्तावेज | https://tribal.gov.in \| राज्य टीआरआईएस, झारखंड और ओडिशा की वेबसाइट्स |
| प्रोजेक्ट आवेदन शुल्क | रु. 25,000/- + जीएसटी |
| गुणात्मक मूल्यांकन शुल्क | रु. 1,25,000 + जीएसटी |
| मूल्यांकन एजेंसी | नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रा. लि. (नाबकोन्स) |
| खाताधारक का नाम | नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रा. लि. |
| खाता नंबर | 055505003119 |
| बैंक का नाम | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड |
| आईएफएससी कोड | ICIC0000555 |
| शाखा कोड | 0555 |
| एमआईसीआर | 400229029 |
| शाखा पता | बीकेसी आईसीआईसीआई टावर्स ब्रांच, आईसीआईसीआई बैंक लि., आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400051 |

प्राप्त सभी प्रोजेक्ट आवेदनों को प्रारम्भिक स्तर पर जांचा जाएगा, और यदि सही पाए जाते हैं, तो https://tribal.gov.in पर बताए गए नियमों के अनुसार उनका विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा। प्रोजेक्ट लागू करने वाली एजेंसियों (पीआईएएस) द्वारा भुगतान किये गये सभी प्रोजेक्ट आवेदन और मूल्यांकन शुल्क अप्रतिदेय हैं। मंत्रालय के पास बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी प्रस्तावों को स्वीकार या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

**प्रश्नों के लिए : shambhu.pal@gov.in | टेली. : 011-24013725**
**अवर सचिव (आजीविका), जनजातीय कार्य मंत्रालय, कर्तव्य भवन-1, नई दिल्ली**

सीबीसी 43101/11/0008/2627

## चिंतन

# विद्वानों पर टिप्पणी करने से बचें राजनेता

विद्वान और शिक्षाविद देश की अमूल्य धरोहर होते हैं। वे किसी भी दल, धर्म, जाति या दल से ऊपर होते हैं। ऐसे में राजनेताओं को विद्वानों पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से बचना चाहिए। हाल ही में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के नवगठित शिक्षा सुधार समिति के एक सदस्य आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि को गोमूत्र विशेषज्ञ कहे जाने पर लोकसभा में हंगामा हो गया। प्रोफेसर कामकोटि गोमूत्र के कथित औषधीय गुणों पर अपनी राय के कारण पहले भी चर्चा में रहे हैं। इस मामले को लेकर 215 वर्तमान और पूर्व कुलपतियों तथा शिक्षाविदों ने प्रियंका गांधी को खुला पत्र लिखकर इसी चिंता को सामने रखा है। पत्र में कहा गया है कि किसी शिक्षाविद् से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, उनके विचारों और शोध पर सवाल भी उठाए जा सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक मंच पर उनका मजाक उड़ाना उचित नहीं है। प्रो. कामकोटि को पारंपरिक ज्ञान या किसी वैज्ञानिक परिकल्पना पर अपनी राय रखने का अधिकार है। यदि उनके किसी दावे या विचार से असहमति है तो उसके प्रमाणों और वैज्ञानिक आधार को चुनौती दी जानी चाहिए। वैज्ञानिक विमर्श की यही स्वस्थ परंपरा है। प्रो. वी. कामकोटि कंप्यूटर वैज्ञानिक और शिक्षाविद् हैं तथा आईआईटी मद्रास के निदेशक हैं। उन्होंने इसी संस्थान से कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में उच्च शिक्षा और पीएचडी हासिल की। उनके नेतृत्व में उस टीम ने भारत के स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर 'शक्ति' के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे देश की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि माना जाता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। वे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्वों में भी भूमिका निभा चुके हैं। ऐसे व्यक्ति की किसी एक राय को आधार बनाकर उसकी पूरी विद्वत्ता को एक उपहासपूर्ण संबोधन में सीमित कर देना निश्चित रूप से स्वस्थ बहस का तरीका नहीं हो सकता। यदि गोमूत्र के औषधीय गुणों को लेकर कोई दावा वैज्ञानिक कसौटी पर खरा नहीं उतरता, तो वैज्ञानिक समुदाय और राजनेताओं को उसके प्रमाण मांगने चाहिए। शोध को शोध से चुनौती दी जानी चाहिए, व्यक्ति का उपहास नहीं करना चाहिए। यह भी ध्यान रखना होगा कि शिक्षा और परीक्षा सुधार जैसे गंभीर विषयों पर बनी समितियों में अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है। पेपर लीक जैसी समस्या केवल शिक्षा विभाग की समस्या नहीं है। इसमें तकनीक, साइबर सुरक्षा, प्रशासन, खुफिया तंत्र और परीक्षा संचालन से जुड़े विशेषज्ञों की भी भूमिका हो सकती है। राजनीतिक दलों के बीच तीखी बहस लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है। सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार और जिम्मेदारी है, लेकिन व्यक्तिगत कटाक्ष और उपहास से बहस का स्तर गिरता है। सत्ता पक्ष के नेताओं पर भी यही कसौटी लागू होनी चाहिए। किसी वैज्ञानिक, शिक्षक, न्यायविद् या अन्य विद्वान की राजनीतिक विचारधारा से असहमति हो सकती है, लेकिन उसकी शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान बना रहना चाहिए। शिक्षाविदों की आपत्ति को इसी व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उनका संदेश स्पष्ट है कि विचारों पर कठोर बहस कीजिए, प्रमाण मांगिए, गलत दावों को तथ्यों से खारिज कीजिए, लेकिन विद्वानों का उपहास मत उड़ाइए। भारत को आज ऐसी ही संवाद संस्कृति की जरूरत है, जिसमें राजनीतिक असहमति के बावजूद ज्ञान और विद्वता के प्रति सम्मान बना रहे।

# फर्जी शिक्षण संस्थानों पर नकेल जरूरी



मुद्दा
रोहित कौशिक

देश में उच्च शिक्षा के लिए नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है। सत्र से पहले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को चेताया है कि वे प्रवेश लेने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों की मान्यता, संबंधित कोर्स और डिग्री की मंजूरी के बारे में सही तरीके से जांच कर लें। यूजीसी ने सभी राज्यों व विश्वविद्यालयों को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी और निजी विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों की डिग्री मान्य नहीं होगी। दरअसल, हर साल देश के अनेक युवा फर्जी शिक्षण संस्थानों के चक्कर में फंस जाते हैं। बाद में उन्हें पछताना पड़ता है। इन दिनों देश में कई संदिग्ध शिक्षण संस्थान अनेक तरह की फर्जी डिग्रियां प्रदान कर रहे हैं।

देश में उच्च शिक्षा के लिए नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है। सत्र से पहले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को चेताया है कि वे प्रवेश लेने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों की मान्यता, संबंधित कोर्स और डिग्री की मंजूरी के बारे में सही तरीके से जांच कर लें। यूजीसी ने सभी राज्यों व विश्वविद्यालयों को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी और निजी विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों की डिग्री मान्य नहीं होगी। दरअसल, हर साल देश के अनेक युवा फर्जी शिक्षण संस्थानों के चक्कर में फंस जाते हैं। बाद में उन्हें पछताना पड़ता है। इन दिनों देश में कई संदिग्ध शिक्षण संस्थान अनेक तरह की फर्जी डिग्रियां प्रदान कर रहे हैं। ऐसे अनेक मामले प्रकाश में आते भी रहते हैं। ऐसे संस्थानों के संदिग्ध क्रियाकलापों का खुलासा होने पर कार्रवाई भी होती है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर ऐसे संस्थान फिर शुरू हो जाते हैं।

पिछले दिनों राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित पीटीआई भर्ती में फर्जी बीपीएड डिग्रियां बांटने वाले उत्तर प्रदेश के एक विश्वविद्यालय पर कार्रवाई भी की गई थी। कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने एक निजी विश्वविद्यालय में चल रहे फर्जी डिग्री घोटाले का भंडाफोड़ कर बड़ी कार्रवाई की थी। एसटीएफ ने छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में फर्जी डिग्रियां, प्रोविजनल और माइग्रेशन सर्टिफिकेट समेत अन्य कई तरह की सामग्री बरामद की थीं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक तरफ फर्जी डिग्रियों के माध्यम से शिक्षा का मजाक बनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ फर्जी विश्वविद्यालय छात्रों को ठग रहे हैं। कुछ समय पहले यूजीसी ने देश भर में खुले कई फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी। इन विश्वविद्यालयों को किसी भी तरह की डिग्री देने का अधिकार नहीं है। शर्मनाक यह है कि ये विश्वविद्यालय हाल ही में पैदा नहीं हुए हैं, बल्कि कई वर्षों से चल रहे हैं। सही जानकारी के अभाव में हजारों छात्र इन फर्जी विश्वविद्यालयों के भंवर में फंस जाते हैं। सवाल यह है कि कई वर्षों से चल रहे इन फर्जी विश्वविद्यालयों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है? अगर इन पर पहले ही कार्रवाई हो जाती तो हजारों छात्रों के भविष्य पर मंडराते खतरे को दूर किया जा सकता था। दरअसल, ऐसे मामलों में हर कोई अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहता है। यूजीसी समय-समय पर विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराता रहता है। सवाल यह है कि जब यूजीसी और सरकार को फर्जी विश्वविद्यालयों की जानकारी है तो उनके संचालकों की धरपकड़ कर इन अवैध विश्वविद्यालयों को बन्द क्यों नहीं कराया जाता? फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची प्रकाशित कर देने मात्र से ही यूजीसी और सरकार अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो जाते। यह विडम्बना ही है कि आज गली-गली में निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ शिक्षा संस्थानों के क्रियाकलाप संदिग्ध हैं। सवाल यह है कि शिक्षा को व्यापार बनाने के लिए जिम्मेदार कौन है ? नब्बे के दशक में शुरू हुई उदारीकरण की आंधी ने अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। हालांकि इससे पहले भी कुछ राज्यों में उच्च शिक्षा निजी हाथों में जा चुकी थी, लेकिन नब्बे के दशक में




व्यापक रूप से पूरे देश में शिक्षा को निजी हाथों में सौंपने का काम किया गया। सरकार ने खुद खाओ, खुद कमाओ की नीति के तहत शिक्षा का निजीकरण करते हुए गर्व का अनुभव किया। सरकार की इस नीति से अनेक औद्योगिक घराने अपना पारम्परिक व्यापार त्याग कर शिक्षा के क्षेत्र में कूद पड़े। उनके लिए यह उपक्रम सिर्फ एक व्यापार को त्याग कर दूसरे व्यापार को अपनाना भर था। इनकी देखा देखी छोटे व्यापारी भी इस क्षेत्र की तरफ भागने लगे। हमारे देश में प्रारम्भ से ही शिक्षा प्रदान करने का प्रायोजन धर्मार्थ माना गया है। इसलिए सरकार की नई नीति के तहत शिक्षा प्रदान करते हुए इन सभी व्यापारियों को धर्म एवं समाज सेवा का आवरण अपने आप मिल गया। धर्म एवं समाजसेवा के आवरण में मुनाफा कमाने का इससे अच्छा साधन और कोई नहीं हो सकता था। इसलिए शिक्षा के निजीकरण ने एक नए किस्म के व्यापार को जन्म दिया, जिसमें मुनाफा तो पूरा था, लेकिन व्यापारी की छवि मुनाफा कमाने वाले की नहीं बल्कि उपकार करने वाले की थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक के बाद एक सरकारें इसी नीति पर चलती रहीं। सभी सरकारों द्वारा धड़ल्ले से निजी एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों को मान्यता दी जाती रही। सरकारें बार-बार ये बताती रहीं कि हमारे देश के हालात को देखते हुए अभी और विश्वविद्यालय खोले जाने की जरूरत है। इस हड़बड़ी में शिक्षा की गुणवत्ता की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। कई बार जानबूझकर इन विसंगतियों को नजरअन्दाज किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में शिक्षा जगत से जुड़े अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध रहती है। अपना मुंह बन्द रखने और अवैध रूप से मान्यता देने के लिए शिक्षण संस्थाओं द्वारा इन अधिकारियों को मोटी रकम दी जाती है। स्पष्ट है कि शिक्षा जगत में फैले भ्रष्टाचार को बढ़ाने में इस क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और विभिन्न समितियों में स्थान प्राप्त प्रोफेसर्स भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दरअसल, निजी शिक्षण संस्थानों के मालिक विभिन्न राजनेता और अन्य प्रभावशाली लोग होते हैं इसलिए इस मामले में जानबूझकर चुप्पी साध ली जाती है। ऐसे मामलों में जितने दोषी विश्वविद्यालयों के संचालक हैं, उतनी ही दोषी सरकार और उससे जुड़े अधिकारी भी हैं।

आजादी के बाद कुछ हद तक शिक्षा नीति की कमजोरी को दूर करने के प्रयास किए गए, लेकिन ये प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। एक बार फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की कोशिशें हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे नीति-निर्माता शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की हड़बड़ाहट में अपना विवेक खोकर कुछ ऐसे निर्णय ले रहे हैं जो शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को ठेस पहुंचा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है या फिर इस परिवर्तन के माध्यम से शिक्षा की कमजोरियों को दूर करना है? हमारे नीति-निर्माताओं की नीतियों एवं क्रियाकलापों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा नीति में परिवर्तन करना भर है। इस दौर में उच्च शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कहने को तो शिक्षा नीति में काफी बदलाव हुए हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि हम अभी भी लीक ही पीट रहे हैं। शिक्षा जगत में मौजूद इन विसंगतियों के बीच नई शिक्षा नीति में भी एक बार फिर निजी शिक्षण संस्थानों को अनेक तौर-तरीकों से पनपने का मौका दिया गया है। सवाल यह है कि क्या ये संस्थान शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूरा करने की तरफ ध्यान देंगे? अब समय आ गया है कि सरकार निजीकरण की आड़ में पनपे संदिग्ध विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के क्रियाकलापों पर गम्भीरता से ध्यान दें ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाया जा सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## जयंती विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



# आम आदमी की बोली के रचनाकार थे मुंशी प्रेमचंद

आज उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती है। ग्रामीण जन जीवन के चितेरे लेखक मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं आज भी न केवल प्रासंगिक हैं अपितु हिंदी साहित्य की अमर अजय रचनाएं हैं। प्रेमचंद ने कहानी और उपन्यास विधा में एक नई और जीवंत परंपरा की शुरुआत की। उनकी प्रत्येक रचना सच्चाई के इर्दगिर्द घूमती है। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से आम आदमी की समस्याओं और पीड़ाओं को यथार्थ रूप से चित्रित किया। यही कारण है कि वे साहित्य के अमर अजर रचनाकार के रूप में ख्यात हैं। उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को बनारस के पास लमही नामक गांव में हुआ था। उनका असली नाम धनपतराय था। प्रेमचंद ने 1901 में उपन्यास लिखना शुरू किया। कहानी 1907 से लिखने लगे। उर्दू में नवाबराय नाम से लिखते थे। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों लिखी गई उनकी कहानी सोजेवतन 1910 में जब्त की गई। उसके बाद अंग्रेजों के उत्पीड़न के कारण वे प्रेमचंद नाम से लिखने लगे। 1923 में उन्होंने सरस्वती प्रेस की स्थापना की। 1930 में हंस का प्रकाशन शुरु किया। इन्होंने मर्यादा, हंस, जागरण तथा माधुरी जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं का संपादन किया। ये आधुनिक कथा साहित्य के जन्मदाता कहलाए। उन्हें कथा सम्राट की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने 300 से अधिक कहानियां लिखी हैं। इन कहानियों में आम आदमी



की घुटन, चुभन व कसक को अपनी कहानियों में उन्होंने प्रतिबिम्बित किया। उनकी कहानियों में रूढ़ियों, अंधविश्वासों, अंधपरंपराओं पर कड़ा प्रहार किया गया है वहीं दूसरी ओर मानवीय संवेदनाओं को भी उभारा गया है। ईदगाह, पूस की रात, शतरंज के खिलाड़ी, नमक का दारोगा, दो बैलों की आत्म कथा जैसी कहानियां कालजयी हैं। तभी तो उन्हें कलम का सिपाही, कथा सम्राट, उपन्यास सम्राट आदि अनेक नामों से पुकारा जाता है। प्रेमचंद के साहित्य में समस्याओं को न केवल उठाया गया है, बल्कि उनका समाधान भी प्रस्तुत किया गया है। सेवा सदन में वेश्यावृत्ति की समस्या, गबन में नारी के आभूषण प्रेम की समस्या, कर्म भूमि में जमीदारों के अत्याचारों का पूंजीपतियों की हठधर्मिता की समस्या, निर्मला में अनमेल विवाह की समस्या आदि का चित्रण किया गया है। इस प्रकार प्रेमचंद अपने साहित्य में इन समस्याओं को उनके दुष्प्रभावों से परिचित कराते हैं तथा उन्हें दूर करने के लिए प्रेरित भी करते हैं। प्रेमचंद का साहित्य ग्रामीण जीवन की संपूर्ण झांकी को प्रस्तुत करता है। गोदान उपन्यास तो ग्रामीण जीवन का महाकाव्य कहलाता है। बड़े घर की बेटी, पंच परमेश्वर, दो बैलों की कथा आदि कहानियां भी ग्रामीण पृष्ठभूमि में लिखी गई हैं। इन रचनाओं में उन्होंने ग्रामीणों के प्रति एक नवीन व स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाकर उनकी समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से उठाया है। मुंशी प्रेमचंद एक महान कथाकार के साथ-साथ एक अच्छे समाज सुधारक भी रहे हैं, उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम सामाज में फैली कुरीतियों का विरोध किया है। मुंशी प्रेमचंद देश के ऐसे पहले रचनाकार थे जिन्होंने उपन्यास साहित्य को तिलस्मी और ऐयारी से बाहर निकाल कर जमीनी हकीकत से परिचय कराया। उन्होंने अपनी रचनाओं में आम लोगों विशेषकर मेहनतकश वर्ग की भावनाओं और सच्चाइयों को वर्णित किया। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से देश की वास्तविक और जमीनी समस्याओं से देशवासियों को अवगत कराया। प्रेमचंद ने साहित्य को सच्चाई के धरातल पर उतारा। वह आम भारतीय के रचनाकार थे। उनकी रचनाओं में ऐसे नायक हुए,जिसे भारतीय समाज अछूत और घृणित समझता था। उन्होंने सरल,सहज और जनसाधारण की बोल-चाल की भाषा का उपयोग किया और अपने प्रगतिशील विचारों को दृढ़ता से समाज के सामने प्रस्तुत किया। प्रेमचंद हिन्दी साहित्य के युग प्रवर्तक माने गए। उनकी रचनाओं में समाज का पूरा 'परिवेश' उसकी 'कुरूपता' और 'असमानता', 'छुआछूत', 'शोषण' की विभीषिका कमजोर वर्ग और स्त्रियों का दमन आदि वास्तविकता प्रकट हुई है। उन्होंने सामान्य आदमी का जीवन अत्यंत निकट से देखा था तथा खुद उस जिंदगी को भोगा भी था। उपन्यास के क्षेत्र में उनके योगदान को देखकर बंगाल के विख्यात उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने उन्हें उपन्यास सम्राट कहकर संबोधित किया था। प्रेमचंद ने हिन्दी कहानी और उपन्यास की एक ऐसी परंपरा का विकास किया, जिसने पूरी सदी के साहित्य का मार्गदर्शन किया। प्रेमचंद ने अपनी रचनाओं में सामाजिक कुरीतियों जमकर विरोध किया और आम आदमी की कहानी उनकी बोलचाल की भाषा में चित्रित की।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
**दर्शन**

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएं ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है।

## संतान गुस्सा हो तो उसे शांत करने की कोशिश करें



संकलित
**प्रेरणा**

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है। श्रीपर्वत पर मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग स्थित है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### क्या इस्तीफे लेने-देने से भ्रष्टाचार रुक जाएगा?

पेपर लीक के मामलों और अन्य गड़बड़ घोटालों के लिए शत-प्रतिशत भ्रष्टाचार जिम्मेदार है और हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो चुकी हैं। जब तक भ्रष्टाचार की जड़ों को काटने के लिए काम नहीं किया जाएगा, तब तक देश में कोई भी गलत काम नहीं रुकेगा। सरकारों में चेहरे बदलने से भ्रष्टाचार नहीं रुकेगा, बल्कि सरकारों को धरातल पर काम करना होगा। अफसरों और अन्य सभी भ्रष्ट लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिसके लिए सरकारें ढुलमुल रवैया अपनाए हुए हैं।

- **नेहा**, रोहतक

## ट्रेंड

### विपक्ष की भूमिका



संसद में विपक्ष की भूमिका पूरी तरह से नकारात्मक और गैर-जिम्मेदाराना रही है। सत्र शुरू होने के बाद से ही उनका एकमात्र मकसद सदन की कार्यवाही में बाधा डालना रहा है। विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है।
- **जगत प्रकाश नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### टेलीकॉम सेक्टर




टेलीकॉम सेक्टर को लेकर भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार के बीच होने वाला एमओयू ग्वालियर के लिए एक बड़ी सौगात है... इस समझौते के ज़रिए देश की कई टेलीकॉम कंपनियाँ मध्य प्रदेश में निवेश करेंगी, जिससे युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर पैदा होंगे।
- **डॉ. मोहन यादव**, सीएम, मध्यप्रदेश

### युवा आंदोलन



युवा आंदोलन से बड़े मीडिया घरानों के लिए भी एक अहम सबक मिलता है: मुख्यधारा की मीडिया को 'मेन स्ट्रीट मीडिया' बनना होगा। आज संकट सिर्फ़'राष्ट्रीय सरकार' के लिए ही नहीं, बल्कि तथाकथित 'राष्ट्रीय मीडिया' के लिए भी उतना ही बड़ा है।
- **अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

### फास्ट-ट्रैक कोर्ट



आज सरकार फास्ट-ट्रैक कोर्ट की बात तो करती है, लेकिन 2024 के नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया को क्लीन चिट दे दी गई है। हालात ऐसे हैं कि पिछले 10 सालों में 152 बार पेपर लीक हुए हैं।
- **मल्लिकार्जुन खड़गे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

### सेवानिवृत्ति से एक दिन पहले रिश्वत लेते पकड़ाया अभियंता

पुलिस ने बृहस्पतिवार को ग्वालियर नगर निगम के एक कार्यकारी अभियंता (ईई) को लंबित बिलों के भुगतान के लिए एक ठेकेदार से कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए पकड़ा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। लोकायुक्त के पुलिस अधीक्षक निरंजन शर्मा ने बताया कि आरोपी सुशील कटारे (62) 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले थे। उन्होंने बताया कि ठेकेदार सचिन पचौरी ने दो दिन पहले भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी से संपर्क किया था और आरोप लगाया था कि कटारे ने पचौरी द्वारा किए गए सिविल कार्यों के लिए लगभग 36 लाख रुपये के बिल को मंजूर करने के लिए एक प्रतिशत कमीशन या 36,000 रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त पुलिस को बताया कि वह पहले ही आरोपी अभियंता को 30,000 रुपये का भुगतान कर चुका है। शर्मा ने बताया, ''नगर निगम कार्यालय में जाल बिछाया गया। जैसे ही ठेकेदार ने 6,000 रुपये की शेष राशि कार्यकारी अभियंता को सौंपी, हमारी टीम ने उसे पकड़ लिया।'' उन्होंने बताया कि कटारे के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।



## ऑफ बीट

### प्रतिदिन मांस खाने से बढ़ता है कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा

प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# राष्ट्रमंडल खेल : नीरज, रोहित और यशवीर पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ दो अन्य भारतीय बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में क्वालीफिकेशन राउंड में शीर्ष 12 में जगह बनाकर पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। चोपड़ा ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण करते हुए भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता था। वह बृहस्पतिवार को क्वालीफिकेशन राउंड में 79.61 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे। रोहित यादव (78.37 मीटर) और यशवीर सिंह (78.36 मीटर) क्रमशः नौवें और 10वें स्थान पर रहे। इससे इस स्पर्धा में हिस्सा लेने वाला पूरा भारतीय दल पदक दौर में पहुंचा। प्रत्येक राउंड में आखिरी थ्रोअर रहने वाले चोपड़ा ने अपना तीसरा और आखिरी प्रयास नहीं किया क्योंकि तब तक वह पदक दौर में जगह बना चुके थे।



### श्रीलंका के रूमेश प्रथम व ग्रेनाडा के पीटर्स द्वितीय

इस सत्र में दोहा और रोम डायमंड लीग जीतने वाले शानदार फॉर्म में चल रहे श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरागे ने पहले ही प्रयास में 82.84 मीटर का थ्रो कर क्वालीफिकेशन राउंड में पहला स्थान हासिल किया। पिछले चरण के रजत पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 81.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

### नीरज ने अपनाई संयमित रणनीति

हालांकि कठिन परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने संयमित रणनीति अपनाई। पूर्व विश्व चैंपियन चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 76.28 मीटर का थ्रो किया जिससे वह पहले दौर के बाद छठे स्थान पर रहे। दूसरे प्रयास में उन्होंने 79.61 मीटर का थ्रो कर पांचवें स्थान पर जगह बना ली। इसके बाद उन्होंने अपना तीसरा और अंतिम प्रयास नहीं किया।

### 84 मीटर के मानक को कोई नहीं कर सका पार

बता दें कि 18 प्रतिभागियों में से कोई भी 84 मीटर के स्वतः क्वालीफिकेशन मानक को पार नहीं कर सका। इसके चलते शीर्ष 12 खिलाड़ियों ने शुक्रवार को होने वाले फाइनल दौर के लिए क्वालीफाई किया। केवल चार प्रतिभागी ही 80 मीटर दूर भाला फेंक पाए। क्वालीफिकेशन राउंड के दौरान परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रहीं जिसमें लगातार सामने से तेज हवा चल रही थी और तापमान 18 डिग्री सेल्सियस बना हुआ था।

### यशवीर और रोहित का शानदार रहा प्रदर्शन

यशवीर का इस सत्र और करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83.72 मीटर है और उन्होंने भी प्रतियोगिता के दौरान लगातार सुधार किया। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले प्रयास में 73.89 मीटर, दूसरे में 74.45 मीटर और अंतिम प्रयास में 78.36 मीटर का थ्रो कर फाइनल के लिए क्वालीफिकेशन सुनिश्चित किया। रोहित का इस सत्र और करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 87.05 मीटर है। उन्होंने पहले प्रयास में 77.04 मीटर और दूसरे प्रयास में 78.37 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने भी अपना अंतिम प्रयास नहीं किया।






# भारोत्तोलक में मार्टिना पांचवें स्थान पर रहीं



### 144 किग्रा और फिर 146 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहीं

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

भारतीय भारोत्तोलक मार्टिना देवी मेबाम बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की महिला की 86 किग्रा से अधिक भारवर्ग स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं। मार्टिना ने स्नैच में 105 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 140 किग्रा सहित कुल 245 किग्रा भार उठाया। उन्होंने स्नैच स्पर्धा में शुरुआती दबाव के बावजूद वापसी की। भारतीय खिलाड़ी अपने शुरुआती दो प्रयासों में 103 किग्रा वजन उठाने में असफल रहीं लेकिन तीसरे और अंतिम प्रयास में 105 किग्रा वजन सफलतापूर्वक उठाकर मुकाबले में बनी रहीं। क्लीन एवं जर्क में मार्टिना ने पहले प्रयास में 140 किग्रा भार सफलतापूर्वक उठाया लेकिन इसके बाद अपने अंतिम दो प्रयास में 144 किग्रा और फिर 146 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहीं।

## पैरा साइकिलिस्ट: लिशा 4000 मीटर व्यक्तिगत परसूट क्वालीफाइंग में अंतिम स्थान पर रही

**ग्लास्गो।** भारतीय पैरा साइकिलिस्ट लिशा दास बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की सी4-सी5 4,000 मीटर व्यक्तिगत परसूट क्वालीफाइंग स्पर्धा में छठे और अंतिम स्थान पर रहने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। भारतीय दल की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली देश की एकमात्र पैरा-ट्रैक साइकिलिस्ट 16 वर्षीय इस खिलाड़ी ने क्वालीफाइंग राउंड में 6:58.000 का समय निकाला, जिसमें उनकी औसत गति 34.450 किमी प्रति घंटा रही। ऑस्ट्रेलिया की तारा नेलैंड ने 4:45.796 के समय के साथ क्वालीफाइंग में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि इंग्लैंड की मॉर्गन न्यूबेरी ने 5:06.470 के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक की दौड़ में अपनी जगह पक्की कर ली।

# अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में कभी टेस्ट नहीं हारी भारतीय टीम, शानदार रहा उनका नेतृत्व

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आखिरकार अजिंक्य रहाणे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले ही लिया। लगभग डेढ़ दशक तक देश का प्रतिनिधित्व करने वाले रहाणे ने 2023 में अपना आखिरी मैच खेला।

अपने शानदार टेस्ट करियर में उन्होंने 38.46 की औसत के साथ 5,077 रन बनाए थे। उन्होंने भारतीय टीम की कप्तानी भी की। दिलचस्प रूप से रहाणे के नेतृत्व में भारतीय टीम कभी मैच नहीं हारी। उनकी कप्तानी में टीम के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

### रहाणे की कप्तानी में भारत ने जीते 4 टेस्ट

रहाणे ने पहली बार 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट में कप्तानी की थी, जो भारत ने 8 विकेट से जीता था। कोहली की गैरमौजूदगी में रहाणे को कप्तानी का मौका मिला था। 2018 में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में भारतीय टीम पारी और 262 रन से जीती थी। 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न और ब्रिसबेन टेस्ट में टीम जीती, जबकि सिडनी टेस्ट ड्रॉ रहा। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ (कानपुर) टेस्ट में भी भारतीय टीम जीती थी।

### बतौर कप्तान बल्लेबाजी

रहाणे ने कप्तानी करते हुए 11 पारियों में 39.88 की औसत के साथ 359 रन बनाए थे। उन्होंने एक शतक भी लगाया था। भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए रहाणे ने अपना इकलौता शतक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न टेस्ट में लगाया था और टीम को जीत दिलाई थी।



### इन कप्तानों की सूची में शामिल हुए रहाणे

भारत के 38 टेस्ट कप्तानों में से सिर्फ 4 ही ऐसे हैं जो कभी हारे नहीं। इनमें क्रिस श्रीकांत शामिल हैं, जिन्होंने भारत की कप्तानी 4 टेस्ट मैचों में की और एक भी मैच नहीं हारे। साथ ही हेमू अधिकारी और रवि शास्त्री भी हैं, जिन्होंने एक-एक बार टीम की कप्तानी की और कोई मैच नहीं हारे। रहाणे इनमें इकलौते ऐसे कप्तान हैं जिनकी कप्तानी में भारत ने विदेश में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीती है।

### शानदार रहा था रहाणे का अंतरराष्ट्रीय करियर

रहाणे ने भारत की ओर से जुलाई 2023 में अपना आखिरी टेस्ट वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने भारत के लिए 85 टेस्ट की 144 पारियों में 38.46 की औसत से 5,077 रन बनाए। इसमें 12 शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 90 वनडे में 35.26 की औसत के साथ 2,962 रन बनाए थे। टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 20 पारियों में 20.83 की औसत के साथ 375 रन बनाए थे।

## पुरुष लॉन बॉल्स पेयर
### टाई-ब्रेकर में बोत्सवाना को हराकर दर्ज की जीत

**ग्लास्गो।** भारतीय पुरुष लॉन बॉल्स जोड़ी नवनीत सिंह और दिनेश कुमार ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को राष्ट्रमंडल खेलों के सेक्शन बी के राउंड तीन के दूसरे मैच में बोत्सवाना को टाई-ब्रेकर में हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। पहला सेट 9-2 से जीतने के बाद भारतीय जोड़ी आसान जीत की ओर बढ़ती दिख रही थी, लेकिन बोत्सवाना ने जोरदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 4-3 से अपने नाम कर लिया और मुकाबले को टाई-ब्रेकर तक पहुंचा दिया। हालांकि निर्णायक टाई-ब्रेकर में नवनीत और दिनेश ने धैर्य बनाए रखा और दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ उन्होंने प्रतियोगिता में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। 'लीड' नवनीत और 'स्किप' दिनेश ने पहले सेट में बेहतरीन तालमेल और सटीकता दिखाई। बोत्सवाना के कैजर गेचे और चार्ल्स डिटेको निरंतरता हासिल करने में संघर्ष करते रहे जबकि भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार सटीक गेंदें डालकर शुरुआती बढ़त बना ली। भारत ने पहले 'एंड' में एक अंक हासिल कर खाता खोला और इसके बाद मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया।

## टेबल टेनिस चैंपियनशिप
### भारत का दबदबा, पुरुष और महिला टीम ने जीते खिताब

**नई दिल्ली।** भारत ने 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष और महिला दोनों टीम वर्गों के खिताब अपने नाम कर लिए। मानुष शाह के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय पुरुष टीम ने बृहस्पतिवार को खेले गए फाइनल में मलेशिया को 3-2 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर त्यागराज स्टेडियम में खिताब अपने नाम किया। पुरुष टीम का फाइनल काफी चुनौतीपूर्ण रहा क्योंकि लीग चरण में भारत को मलेशिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने अपनी टीम में हरमीत देसाई को शामिल नहीं किया, जबकि मलेशिया ने तीसरे मुकाबले के लिए अपने दूसरे खिलाड़ी को उतारा। चौथे मैच में मानव ठक्कर ने बाएं हाथ के खिलाड़ी की शेन वोंग के खिलाफ 2-0 की बढ़त बना ली। लेकिन विश्व रैंकिंग में 204वें स्थान पर मौजूद मलेशियाई खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए विश्व नंबर 41 मानव को 2-3 से हरा दिया और मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद खिताब का फैसला पांचवें और अंतिम मैच में दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी मानुष शाह के प्रदर्शन पर निर्भर था जिन्होंने निर्णायक मुकाबले में जैवेन चोंग के खिलाफ शुरुआत से अंत तक दबदबा बनाए रखा।

## खबर संक्षेप



### पुरूष टीम सेमीफाइनल में, महिला टीम बाहर

**ओंटारियो।** पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरूष टीम इंग्लैंड को हराकर विश्व स्क्वाश जूनियर टीम चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि महिला टीम अमेरिका से हारकर बाहर हो गई। भारतीय पुरूष टीम ने तीसरी वरीयता प्राप्त इंग्लैंड को हराया और मुकाबला अमेरिका से होगा। पिछले साल भारत ने इस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आर्यवीर दीवान ने रॉनी हिकलिंग को हराकर भारत को बढत दिलाई लेकिन इस्माइल खलील ने युशा नफीस को हराकर इंग्लैंड को बराबरी दिलाई। भारत के गुरवीर सिंह ने निर्णायक मुकाबला जीता। महिला वर्ग में हाल ही में विश्व जूनियर चैम्पियन बनी अनाहत सिंह ने दिया यादव को हराकर भारत को बढत दिलाई। लेकिन चार्लोट जे ने भारत की रूद्रा सिंह को हराया और अनिका दुबे को लिली बूरेल के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा।

### रूट फिर बने इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने दिग्गज बल्लेबाज जो रूट को फिर से टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया है। बेन स्टोक्स के संन्यास लेने के बाद बोर्ड ने रूट को ये जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ-साथ ईसीबी ने स्टीफन फ्लेमिंग को अपनी टेस्ट टीम का नया कोच बनाया है। वह ब्रेंडन मैकुलम की जगह लेने के लिए तैयार हैं। ईसीबी ने गुरुवार 30 जुलाई को आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है। ईसीबी ने कहा कि फ्लेमिंग का कोचिंग अनुभव टीम के काम आएगा। बोर्ड ने अपने बयान में कहा, फ्लेमिंग दुनिया के सबसे सम्मानित क्रिकेट कोच में से एक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका 18 साल का जुड़ाव रहा है। एक खिलाड़ी के तौर पर 111 मैचों के करियर में वे न्यूजीलैंड के सबसे सफल टेस्ट कप्तान रहे। बतौर खिलाड़ी फ्लेमिंग न्यूजीलैंड के सबसे लंबे समय तक (80 टेस्ट) और सबसे सफल (28 जीत) टेस्ट कप्तान रहे।

## पाकिस्तान को हराया
# वेस्टइंडीज की जीत के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट में 90 रन से शिकस्त मिली। जीत के लिए मिले 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की दूसरी पारी सिर्फ 120 रन पर ही सिमट गई। ब्रायन लारा स्टेडियम में हुए मैच का परिणाम चौथे दिन पर निकल गया। वेस्टइंडीज को जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में फायदा पहुंचा है।

### पाकिस्तान तालिका में आखिरी स्थान पर पहुंची

वेस्टइंडीज ने डब्ल्यूटीसी 2025-27 में अपनी सिर्फ दूसरी जीत दर्ज की है। कैरेबियाई टीम ने इस चक्र में अब तक 7 मैचों में हार (ड्रॉ-2) झेली है। इस जीत के साथ वेस्टइंडीज की टीम 22.73 प्रतिशत अंको के साथ 8वें स्थान पर पहुंच गई है। दूसरी तरफ पाकिस्तान की यह चौथी हार है। मौजूदा चक्र में सिर्फ एक जीत दर्ज करने वाली पाकिस्तानी टीम आखिरी 9वें स्थान पर पहुंच गई है।

### ऐसी है भारत की स्थिति

भारतीय टीम 48.15 प्रतिशत अंक के साथ 5वें स्थान पर मौजूद है। इस चक्र में भारत ने 4 मैच जीते हैं और इतने ही मैचों में हार झेली है। इसके अलावा एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारत से ऊपर बांग्लादेश की टीम चौथे स्थान पर है। वहीं, भारत से नीचे श्रीलंका छठे और इंग्लैंड सातवें स्थान पर है। श्रीलंकाई टीम ने एक मैच जीता है और एक ड्रॉ खेला है, जबकि इंग्लैंड ने 4 मैच जीते (हार- 8) हुए हैं।

### अन्य टीमों की स्थिति

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 87.50 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष पर मौजूद है। कंगारू टीम ने इस चक्र में 7 टेस्ट जीते हैं और एक में हार झेली है। दक्षिण अफ्रीका की टीम 75.00 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। प्रोटियाज टीम ने 3 मैच जीते हैं और एक में हार का सामना किया है। न्यूजीलैंड की टीम 72.22 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। कीवी टीम ने 4 मैच जीते हैं और 1 में हार झेली है।

## डूरंड कप : एफसी रेंगदाई ने इंडियन नेवी को 1-0 से हराया

**इंफाल।** एफसी रेंगदाई ने बृहस्पतिवार को अपने पहले ही डूरंड कप मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछले चरण के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली इंडियन नेवी फुटबॉल टीम को ग्रुप डी मुकाबले में 1-0 से हरा दिया।

एफसी रेंगदाई की ओर से स्थानापन्न खिलाड़ी खैदेम अमरजीत सिंह ने 58वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। यह डूरंड कप में एफसी रेंगदाई का पहला गोल भी था और इसी के दम पर टीम ने यादगार जीत दर्ज की।

# पैरा साइकिलिस्ट लिशा परसूट क्वालीफाइंग में ही हुईं बाहर

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो



भारतीय पैरा साइकिलिस्ट लिशा दास बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की सी 4 - सी 5 4,000 मीटर व्यक्तिगत परसूट क्वालीफाइंग स्पर्धा में छठे और अंतिम स्थान पर रहने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

### ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड की खिलाड़ी रहीं अव्वल

ऑस्ट्रेलिया की तारा नेलैंड ने 4:45.796 के समय के साथ क्वालीफाइंग में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि इंग्लैंड की मॉर्गन न्यूबेरी ने 5:06.470 के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक की दौड़ में अपनी जगह पक्की कर ली। न्यूजीलैंड की निकोल मरे (5:06.878) और ऑस्ट्रेलिया की एरिन नॉर्मोयल (5:24.264) कांस्य पदक के मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया।

# गुरुग्राम की निकिता ने जीता रजत कामना और गरिमा को कांस्य पदक

## अंडर-17 विश्व कुश्ती

भाषा ▶▶| बाकू

भारतीय पहलवान निकिता सहरावत ने बृहस्पतिवार को यहां अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के महिला 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता जबकि कामना बाबल और गरिमा ने अपने-अपने वर्ग में कांस्य पदक हासिल किए। निकिता ने 57 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में उनका सामना अमेरिका की अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता एपेनेसा एलिसन से हुआ। निकिता ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन उन्हें 0-6 से हार का सामना और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कामना ने 49 किग्रा वर्ग में जापान की सायका उचिदा से सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में रूस की इरीना त्सिदेयेवा को 3-2 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई। गरिमा ने 73 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक के मुकाबले में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अमेरिका की कैली मैनुअल से सेमीफाइनल में 5-7 से करीबी हार झेलने के बाद पूर्व अंडर-15 एशियाई चैंपियन गरिमा ने वापसी करते हुए स्पेन की पाउला बेनाइक्सा पेरेज को तकनीकी दक्षता के आधार पर हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

## दक्षिण अफ्रीका के आठ स्टेडियम शामिल
# 2027 वनडे विश्व कप 12 मैदानों पर खेला जाएगा

भाषा ▶▶| जोहानिसबर्ग



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि 2027 आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप के मुकाबले दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया के कुल 12 स्टेडियमों में खेले जाएंगे। इनमें से आठ मैदान दक्षिण अफ्रीका में होंगे। 50 ओवर का यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 24 साल बाद अफ्रीका लौट रहा है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और कीनिया ने संयुक्त रूप से 2003 विश्व कप की मेजबानी की थी। जोहानिसबर्ग में आयोजित एक भव्य समारोह में दक्षिण अफ्रीका के आठ शहरों, जिम्बाब्वे के तीन शहरों और नामीबिया की राजधानी विंडहोक को टूर्नामेंट के सह-मेजबान के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर ग्रीम स्मिथ, मखाया एनटिनी, हाशिम अमला, तेम्बा बावुमा और कागिसो रबाडा के अलावा जिम्बाब्वे के हैमिल्टन मासकाद्जा और नामीबिया के रुडोल्फ जानसेन वान वुरेन भी मौजूद थे। दक्षिण अफ्रीका के आठ मैदान वांडरर्स स्टेडियम (जोहानिसबर्ग), सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन (श्वाने), न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड (केपटाउन), किंग्समीड क्रिकेट ग्राउंड (डरबन), सेंट जॉर्ज पार्क (गकेबेर्हा), मंगाउंग ओवल (ब्लोमफोंटेन), बोलैंड पार्क (पार्ल) और बफेलो पार्क (कुगोम्पो सिटी) हैं।

जिम्बाब्वे के तीन मैदान हरारे स्पोर्ट्स क्लब (हरारे), क्वींस स्पोर्ट्स क्लब (बुलावायो) और नव-निर्मित फाले मोसी-ओआ-टुन्या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम (विक्टोरिया फॉल्स) हैं। नामीबिया में मैच नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड (विंडहोक) में खेले जाएंगे। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, ''24 वर्षों बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की अफ्रीका में वापसी क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। हमें पूरा विश्वास है कि दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया मिलकर एक यादगार आयोजन करेंगे जो इस क्षेत्र के जुनून और सांस्कृतिक विविधता को दुनिया के सामने प्रस्तुत करेगा।'' आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2027 में 57 मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में अधिक प्रतिस्पर्धा और रोमांच लाने के लिए तीन चरणों वाला नया प्रारूप अपनाया गया है।

बलूचिस्तान में आतंक का खूनी खेल

## बीएलए ने अगवा किए 6 मजदूरों की हत्या की

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान में तुर्बत के पास केच जिले में अगवा किए गए 6 निर्दोष मजदूरों के शव बरामद होने के साथ ही क्षेत्र में आतंक का एक नया अध्याय खुल गया है। सुरक्षा अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) पर डाली है। उनके अनुसार, यह खूनी खेल 27 जुलाई को केच जिले के क्लाटुक इलाके में शुरू हुआ। हथियारबंद आतंकवादियों के एक समूह ने विकास कार्यों में लगे मजदूरों के एक काफिले को रास्ते में रोक लिया। उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा के स्वाबी जिले के रहने वाले जावेद नाम के एक मजदूर को मौके पर ही गोली मारकर हत्या कर दी।कई इसके बाद उन्होंने 6 अन्य मजदूरों को जबरन अगवा कर लिया और अज्ञात स्थान की ओर ले गए। कई दिनों तक इन बंधकों का कोई सुराग नहीं मिल सका। और अब तुर्बत के पास एक दूरदराज और सुनसान इलाके से इन 6 मजदूरों के शव बरामद किए गए। सुरक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मृतकों में पंजाब के 4 और खैबर पख्तूनख्वा के 2 मजदूर शामिल थे। ये सभी लोग बलूचिस्तान के विभिन्न विकास कार्यों में लगे हुए थे।



गुजरात में फिल्म 'दृश्यम' से मिलते-जुलते मामले ने चौकाया

# प्रेमी संग मिल कर पति को सायनाइड देकर मार डाला

## कहा था, पति काम के सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया चला गया

एजेंसी ▶▶ जामनगर

गुजरात के जामनगर में फिल्म 'दृश्यम' की कहानी से मिलते-जुलते एक मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति का कंकाल बरामद किया। आशंका है कि दो साल से अधिक पहले उसकी पत्नी, उसके प्रेमी और एक अन्य सहयोगी ने उसकी हत्या कर शव को एक औद्योगिक शेड के कंक्रीट के फर्श के नीचे दफना दिया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पत्नी अपने परिजनों से लगातार यह कहती रही कि उसका पति काम के सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया चला गया है और उसके नियोक्ता द्वारा फोन करने की अनुमति नहीं होने के कारण उससे संपर्क नहीं हो पा रहा। जिग्नेश के भाई अशोक मावडिया की शिकायत के आधार पर बी डिवीजन पुलिस ने जिग्नेश की पत्नी पृथ्वी उर्फ भूमिबेन, उसके कथित प्रेमी निलेश कछाटिया और उसके सहयोगी बलवीर वर्मा के खिलाफ हत्या, साक्ष्य नष्ट करने समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

फर्श के नीचे दफनाया शव, दो साल बाद हुआ खुलासा



### शराब में मिलाया था सायनाइड



जिग्नेश

पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान पृथ्वी ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि उसने निलेश कछाटिया और बलवीर वर्मा के साथ मिलकर जिग्नेश की शराब में सायनाइड मिलाकर उसकी हत्या कर दी थी।

**12 फुट गहरे गड्ढे से जिग्नेश के अवशेष बरामद हुए**

एएसपी ने बताया, ''शराब में सायनाइड मिलाकर पिलाने के बाद जिग्नेश की मौत हो गई। इसके बाद आरोपियों ने कथित तौर पर करीब 12 फुट गहरा गड्ढा खोदकर शव को उसमें दफना दिया, ऊपर मिट्टी डाल दी और बाद में उस स्थान को करीब एक फुट मोटी कंक्रीट की परत से ढक दिया।''

तलाकशुदा पत्नी के शव को गड्ढे में दफनाया

## पंजाब में पति ने मारने से पहले साथ में रील बनाई, फिर की हत्या



**फाजिल्का।** पंजाब के फाजिल्का में पति ने अपनी तलाकशुदा पत्नी की हत्या कर कर दी। उसने दोबारा साथ रहने के लिए समझौते की बात कहकर पत्नी को बुलाया। जब वह बस स्टैंड पहुंची, तो वह वहां से बाइक पर पत्नी को अपने साथ ले गया। रास्ते में खेत पर रुक गया, जहां पर कापा से हमलाकर हत्या कर दी। फिर उसने सबूत मिटाने के लिए लाश को गड्ढे में दफना दिया। हालांकि महिला को जब मारा गया, तो वहां पर बकरियां चरा रहे एक व्यक्ति ने महिला की चीखें सुन लीं और वह पहुंचा गया, तो आरोपी वहां से भाग निकाला। इसके बाद बकरियां चरा रहे एक व्यक्ति गांव पहुंचा और पूरी बात ग्रामीणों को बताई। जिकसे बाद पुलिस को बुलाया। पुलिस ने आरोपी पति को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया।

**खबर संक्षेप**

### रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला, 8 की मौत



**कीव।** रूस ने गुरुवार तड़के यूक्रेन पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम 8 नागरिकों, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। यह हमला यूक्रेन के कई इलाकों में हुआ, जिनमें पोलैंड सीमा के पास के क्षेत्र भी शामिल हैं। हमले के बाद पोलैंड ने जांच शुरू की कि क्या रूस की एक क्रूज मिसाइल उसके हवाई क्षेत्र में दाखिल हुई थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने कम से कम 10 क्षेत्रों पर हमला किया, जिससे दर्जनों घर, कारोबारी प्रतिष्ठान और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।

### ऑस्ट्रेलिया ने भी दिखाई टेलीग्राम पर सख्ती




**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े वीडियो और पोस्ट को न हटाने के मामले को लेकर कानूनी मोर्चा खोल दिया है। ऑस्ट्रेलिया के इंटरनेट रेगुलेटर (ई-कमिश्नर) ने टेलीग्राम पर आरोप लगाया है कि वह अपने प्लेटफॉर्म से 'आतंकवाद का समर्थन' करने वाले पोस्ट और वीडियो हटाने में पूरी तरह से नाकाम रहा है। रेगुलेटर के मुताबिक, इस लापरवाही के लिए कंपनी पर 54.6 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 38 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक का भारी-भरकम जुर्माना लगाया जा सकता है।

### ऑल्टमैन बोले- एआई को धीमा करना होगा



**वॉशिंगटन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े बढ़ते साइबर जोखिमों और स्वायत्त सिस्टम की क्षमताओं को देखते हुए सैम ऑल्टमैन ने पहली बार स्वीकार किया है कि भविष्य में एआई के विकास की गति को नियंत्रित करना जरूरी हो सकता है, ताकि समाज इस तकनीक के साथ सुरक्षित तरीके से तालमेल बिठा सके। ओपनएआई और एंथ्रोपिक के 1,100 से अधिक कर्मचारियों ने पेसिंग द फ्रंटीयर नाम की एक याचिका का समर्थन किया है।

होर्मुज संकट पर एक्शन मोड में सरकार!

# पीएम मोदी ने मंत्रियों संग की समीक्षा बैठक कहा- जनता व किसान को नहीं हो दिक्कत



पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में काम कर रहे हर भारतीय नाविक की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जरूरत पड़ने पर सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी

**ऊर्जा, कृषि, व्यापार, सुरक्षा पर हो नियमित समीक्षा**

**सरकार वैश्विक परिस्थितियों पर लगातार नजर बनाए हुए**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े हालात को देखते हुए केंद्र सरकार पूरी तरह सतर्क हो गई है। इसी मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में देश की ऊर्जा सुरक्षा, खाद की उपलब्धता, भारतीय नाविकों की सुरक्षा और निर्यात पर पड़ने वाले असर जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

पीएम ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में आम लोगों और किसानों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में काम कर रहे हर भारतीय नाविक की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह भारतीय जहाज पर तैनात हैं या किसी विदेशी जहाज पर। जरूरत पड़ने पर सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी।

**पीएम की फेसबुक पोस्ट मामला सरकार ने मेटा से मांगा विस्तृत जवाब**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मेटा के वरिष्ठ अधिकारियों को सरकार के सामने पेश होकर पीएम नरेंद्र मोदी की उस पोस्ट के लिए विस्तृत जवाब देने को कहा है, जिस पर कुछ समय के लिए फेसबुक ने अस्थाई रोक लगा दी थी। यह बैठक अगले 7 से 10 दिनों के बीच हो सकती है। इस मामले को लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि सरकार मामले को पूरी तरह से समझने के लिए मेटा से नीतिगत स्तर और तकनीकी स्तर दोनों प्रकार का स्पष्टीकरण लेना चाहती है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी चिंताएं सीधे मेटा तक पहुंचाना चाहता है और उन हालात के बारे में पूरी जानकारी चाहता है जिनकी वजह से यह अस्थायी रोक लगाई गई थी। कृष्णन ने बताया कि मेटा ने इस घटना पर पहले ही खेद जताया है और सरकार को शुरुआती स्पष्टीकरण दिया है। हालांकि, केंद्र सरकार ने और अधिक विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है, जिसमें यह भी शामिल है कि कंपनी ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए क्या उपाय कर रही है।




**निर्यातकों को राहत देने पर चर्चा**

*होर्मुज संकट का असर भारत के निर्यात कारोबार पर भी पड़ सकता है। इसी को देखते हुए बैठक में निर्यातकों को राहत देने के संभावित उपायों पर चर्चा की गई। साथ ही देश की अर्थव्यवस्था पर इस संकट के प्रभाव का भी आकलन किया गया। सरकार ने संकेत दिए कि जरूरत पड़ने पर समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। सरकार का कहना है कि वह वैश्विक परिस्थितियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। ऊर्जा, कृषि, व्यापार और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े हर पहलू की नियमित समीक्षा की जा रही है, ताकि किसी भी चुनौती का समय रहते प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके।*

**खाद का रिजर्व तैयार करें**

बैठक में कृषि क्षेत्र की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। पीएम को बताया कि अगली रबी फसल के लिए पर्याप्त खाद का भंडार उपलब्ध है। साथ ही 2027 की खरीफ फसल के लिए भी खाद का रिजर्व तैयार करने का काम जारी है। सरकार का उद्देश्य है कि किसानों को किसी भी तरह की खाद की कमी का सामना न करना पड़े।

### आपूर्ति निरंतर बनी हुई


कैबिनेट सचिव ने सीसीएस को मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एलपीजी की खरीद के स्रोतों में पहले ही विविधता लाई जा चुकी है और प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों का कुल स्टॉक और आपूर्ति की स्थिति पर्याप्त बनी हुई है। कच्चे तेल की पर्याप्त उपलब्धता के कारण केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) की रिफाइनरियां 100% से अधिक क्षमता पर काम कर पा रही हैं, जिससे पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन लगातार जारी है।

### पीएनजी का उपयोग बढ़ाएं

पीएम ने देश में पीएनजी के इस्तेमाल को और तेजी से बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि ऊर्जा आपूर्ति मजबूत बनी रहे और किसी भी संभावित संकट का असर कम किया जा सके। ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए, सौर ऊर्जा और गैर जीवाश्म ईंधन वाले अन्य स्रोतों सहित नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों पर जोर दिया जाना चाहिए।

कोयंबटूर बम धमाका मामला

## जांच में ईडी ने की 3 राज्यों में 16 स्थानों पर 'छापेमारी'




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को तीन राज्यों में कई स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई वर्ष 2022 में कोयंबटूर में हुए आईएसआईएस से प्रेरित कार बम धमाके के लिए कथित तौर पर जुटाई गई आतंकी फंडिंग से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई।

- ईडी ने पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया

अधिकारियों के अनुसार, सुबह से ही तमिलनाडु के चेन्नई और कोयंबटूर, तेलंगाना के हैदराबाद तथा महाराष्ट्र के मुंबई में कुल 16 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया।

**आरोपी आईएसआईएस की विचारधारा से प्रेरित**

ईडी के मुताबिक, आरोपियों को कोवई अरबी कॉलेज के प्रमोटर जमील बाशा ने मार्गदर्शन दिया। यह हमला जेमेशा मुबीन और उसके अन्य साथियों ने आईएसआईएस की विचारधारा से प्रेरित होकर अंजाम दिया था। इसके लिए विस्फोटकों से भरी एक मॉडिफाइड कार का इस्तेमाल किया गया था। आरोपियों ने अपनी कथित आतंकी गतिविधियों के लिए दो तरीकों से धन जुटाया। पहला, कोविड-19 महामारी के दौरान फर्जी वैक्सीन प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने का नेटवर्क चलाकर और दूसरा, कोयंबटूर के कोवई अरबी कॉलेज में कथित तौर पर धोखाधड़ी वाले निवेश (डोनेशन) के माध्यम से।

गैस से लदे दो जहाजों में आग लगी

## ईरान ने मिस्र के दमियाता पोर्ट पर किया ड्रोन हमला

**वॉशिंगटन डीसी/ तेहरान/ तेल अवीव (एजेंसी)** ईरान-अमेरिका के बीच जारी जंग अब मिस्र तक पहुंच गई है। मिस्र सरकार ने गुरुवार को बताया कि बुधवार को दमियाता पोर्ट पर दो गैस टैंकरों में लगी आग हादसा नहीं, बल्कि ड्रोन हमले का नतीजा थी। ड्रोन ने अमेरिकी कंपनी के नैचुरल गैस स्टोरेज टैंकर एनरगोस विंटर को निशाना बनाया, जिसके बाद आग पास में खड़े दूसरे टैंकर गैसलॉग सलेम तक फैल गई। इस हमले के पीछे ईरान का हाथ बताया जा रहा है। हमले का मकसद यह मैसेज देना था कि अगर जंग और बढ़ी तो दुनिया की समुद्री शिपिंग और एनर्जी सप्लाई भी गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। वहीं दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को फिर हमले करने की चेतावनी दी है। उधर, कुवैत में चीनी कंपनी पर ईरान के हमला में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

चीन-भारत के बीच बढ़ेंगे संबंध

## कल से खुलेगा परंपरागत बार्टर ट्रेड, खच्चरों से होगी माल ढुलाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित शिपकी ला दर्रे से होकर परंपरागत बार्टर-ट्रेड ( सामान के बदले सामान ) रूट 1 अगस्त से फिर से खुलने वाला है। भारत-चीन सीमा पर 3,930 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह व्यापार मार्ग पिछले 6 वर्षों से बंद पड़ा है। भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास स्थित यह क्षेत्र भारत और तिब्बत के बीच परंपरागत व्यापार मार्ग रहा है। पहले यह मार्ग इस साल 1 जून से ही खुलने वाला था, लेकिन इमिग्रेशन से जुड़ी औपचारिकताओं की वजह से इसमें दो महीने की देरी हो रही है।



शिपकी ला दर्रा

सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

## भोजशाला परिसर से सटी जगह पर नमाज पढ़ने की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला-कमाल मौला विवाद में अपने पहले दिए गए अंतरिम आदेश को स्पष्ट कर दिया है। कोर्ट ने मुस्लिम समुदाय को शुक्रवार की नमाज के लिए भोजशाला परिसर से सटी दरगाह की जमीन खसरा नंबर 596 पर अनुमति दी है। यह परिसर के पीछे दाहिनी ओर निकलने वाले वैकल्पिक निकास मार्ग के ठीक सामने है। यहां हर शुक्रवार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक नमाज अदा की जा सकेगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस भूखंड तक पहुंचने के लिए अलग रास्ता है और यह विवादित भोजशाला परिसर के बिल्कुल पास है। इसलिए यह नमाज के लिए उपयुक्त स्थान है।

**'येलो साइट' नमाज के लिए सूटेबल**

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने नक्शे में दिखाई गई 'येलो साइट' पर ध्यान दिलाया। कोर्ट ने कहा कि इस जगह तक अलग और स्वतंत्र रास्ता है। यह विवादित परिसर से सटी हुई है। मुस्लिम पक्ष ने भी इसी जगह पर सहमति जताई। सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा, 'सिर्फ कानून-व्यवस्था की आशंका के आधार पर लोगों के धार्मिक अधिकार नहीं रोके जा सकते।

भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन का कार्यकाल पूरा

## कहा- दोनों देशों के बीच सबमरीन समझौते पर बहुत जल्द होगी डील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन का कार्यकाल पूरा हो गया है। इस बीच राजदूत फिलिप ने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच जल्द ही सबमरीन समझौते पर हस्ताक्षर हो सकता है। उन्होंने कहा कि सबमरीन डील को लेकर मैं बहुत आशावान और आश्वस्त हूं कि यह बहुत जल्द, शायद अगले महीने तक, साइन हो जाएगी।



राजदूत फिलिप एकरमैन व विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

**जर्मनी यूरोप में भारत का बड़ा साझेदार**

एकरमैन ने कहा कि जर्मनी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसका हर साल 50 बिलियन डॉलर से ज्यादा का ट्रेड वॉल्यूम है। यह बिजनेस के लिहाज से भारत के सबसे जरूरी साझेदारों में से एक है।

**पीएम मोदी के नेतृत्व को सराहा**


राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि पीएम हमारे द्विपक्षीय संबंधों में एक बहुत ही मिलनसार, बहुत ही सक्रिय साझेदार रहे हैं। हमने उन्हें ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा है जो इस द्विपक्षीय संबंध में वास्तव में बहुत रुचि रखते हैं, और मैं यह बताना चाहता हूं कि उन्होंने फेडरल चांसलर को निमंत्रित किया है। इससे पहले भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने जर्मनी के राजदूत एकरमैन से मुलाकात की थी।

पीओके के मुद्दे पर अमेरिकी अखबार को भारत की लताड़

## दूतावास बोला- पाक कश्मीर जैसा कोई क्षेत्र नहीं, पाक का अवैध कब्जा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने न्यूयॉर्क टाइम्स की एक खबर के शीर्षक पर कड़ी आपत्ति जताई है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स की हेडलाइन भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत है। दूतावास ने कहा कि 'पाकिस्तानी कश्मीर' जैसी कोई इकाई मौजूद नहीं है, केवल पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) है। दूतावास ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश पहले भी भारत का अभिन्न हिस्सा थे, आज भी हैं और हमेशा रहेंगे।



वॉशिंगटन में भारतीय दूतावास

**पीओके में विरोध प्रदर्शन पर छापी रिपोर्ट**

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों और स्वतंत्र आकलनों के हवाले से बताया गया है कि जून की शुरुआत से लेकर हालिया हिंसा तक प्रदर्शनकारियों, सुरक्षाकर्मियों और आम नागरिकों सहित कम से कम 30 लोगों की मौत हो चुकी है।

**लोगों को मूल अधिकारों से वंचित कर रहे: भारत**

रिपोर्ट के मुताबिक, जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी नामक संगठन पिछले महीने से तथाकथित क्षेत्रीय विधानसभा की 12 विवादित सीटों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहा है। संगठन का आरोप है कि इन सीटों का इस्तेमाल अपनी पसंद की सरकार बनाने के लिए किया जाता है। भारत का कहना है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में जारी जनआंदोलन पाकिस्तान के आर्थिक शोषण, लोगों के मूल अधिकारों से वंचित किए जाने और प्रशासनिक दमन का सीधा परिणाम है।

4 महासागरों में 314 दिनों की 'समुद्र प्रदक्षिणा' त्रि-सेवा यात्रा पूरी

करीब 25,500 नॉटिकल मील दूरी तय की

## भारतीय सेनाओं की 9 महिलाओं को रक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज तीनों सेनाओं की उन नौ महिला अधिकारियों को सम्मानित किया, जिन्होंने 'समुद्र प्रदक्षिणा' नाम के पहले 'ट्राई-सर्विस ऑल-वूमेन सर्कमनेविगेशन सेलिंग एक्सपेडिशन' (तीनों सेनाओं की महिलाओं का दुनिया का चक्कर लगाने वाला नौका अभियान) को सफलतापूर्वक पूरा किया। ये अधिकारी भारतीय सेना के सेलिंग वेसल 'त्रिवेणी' पर 314 दिन की यात्रा के बाद लौटीं। नई दिल्ली में अधिकारियों से बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने चार महासागरों में लगभग 25 हजार 500 नॉटिकल मील की दूरी तय करने के लिए टीम को बधाई दी।



'समुद्र प्रदक्षिणा' अभियान की टीम के साथ राजनाथ सिंह

**यह उपलब्धि हर भारतीय के लिए प्रेरणा**

*राजनाथ सिंह ने इस अभियान को 'नारी शक्ति' और तीनों सेनाओं के आपसी सहयोग का एक शानदार उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हर भारतीय को प्रेरित करेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि टीम की सफलता साहस, दृढ़ संकल्प और समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि मजबूत विश्वास और लगन से जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।*

**रक्षा मंत्री ने बढ़ाया हौसला**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं पूरे देश की ओर से आप सभी का स्वागत करना चाहता हूं। आपने न सिर्फ समुद्र को जीता है, बल्कि उन सभी को भी गलत साबित किया है, जो कहते थे कि हमारी बेटियां ऐसे मुश्किल अभियानों का हिस्सा नहीं बन सकतीं।

**बेटियां दुनिया जीत सकती हैं**

राजनाथ सिंह ने कहा कि टीम की यह उपलब्धि देश की हर बेटी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी सफलता युवा महिलाओं को बड़े सपने देखने, चुनौतियों का सामना करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करेगी। आज, भारत की हर बेटी आपको देख रही है और उसे पूरा भरोसा है कि वह भी समुद्र पार कर सकती है और पूरी दुनिया को जीत सकती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28